RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 ब्रांड वैल्यू को करारा झटका...

वर्ष : 26 | अंक : 305 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# मकान में लगी भीषण आग, जिंदा जले 4 लोग

**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** हरियाणा के गुरुग्राम से बड़ी खबर है। सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में एक मकान में आग लग गई। आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे।

जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में शुक्रवार के देर रात करीब 2:00 बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई।

शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि सभी लोग गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे। सभी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। मरने वालों में एक की शादी हुई थी। उसकी पत्नी और बच्चे दिवाली के त्योहार पर घर गए थे।



मृतकों की पहचान नूर आलम, मुस्ताक, अमन और साहिल के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के रहने वाले थे। यहां इस मकान में किराए से रहते थे। इन सभी की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच है।

## सपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी ने यूपी में नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सीतापुर जेल में बंद वरिष्ठ नेता आजम खां का नाम भी शामिल है। सूची में पहले स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम अंकित है। सूची में अखिलेश यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, मोहम्मद आजम खां, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल सिंह यादव, रामजी लाल सुमन, श्याम लाल पाल, बाबू सिंह कुशवाहा, लालजी वर्मा, हरेंद्र मलिक, अवधेश प्रसाद, नरेश उत्तम पटेल , इंद्रजीत सरोज, माता प्रसाद पांडेय, विशम्भर प्रसाद निषाद, राम अचल राजभर, ओम प्रकाश सिंह, कमाल अख्तर, शाहिद मंजूर, रामगोविंद चौधरी, लालबिहारी यादव, जावेद अली खान, राजाराम पाल, महबूब अली, जियाउर्रहमान बर्क, देवेश शाक्य, रामआसरे विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति, किरनपाल कश्यप, रामऔतार सैनी, रेखा वर्मा, त्रिभुवन दत्त, अतुल प्रधान, मिठाईलाल भारती, आबिद रजा, संजय कविता, राजपाल कश्यप, मो. शकील अहमद कश्यप, जुगुल किशोर बाल्मीकि को शामिल किया गया है।

## दो शातिर चोर दबोचे, 2 लैपटॉप, टीवी, मोबाइल, सोना व नकदी बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के दो लैपटॉप, एक एलईडी टीवी, मोबाइल फोन, 14000 हजार रुपए तथा 33 ग्राम सोना बरामद हुआ है। पकड़े गए बदमाशों ने घरों में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर 11 में गस्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के समान के साथ दो बदमाश पैदल जा रहे हैं। मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम ने एलइडी टीवी लेकर जा रहे दो लोगों को दबोच लिया। इनके पास से मिले बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से दो लैपटॉप, मोबाइल फोन, 14000 रुपए, 33 ग्राम सोना बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम हिमांशु वर्मा व अश्वनी शर्मा बताया। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने नोएडा व गाजियाबाद क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 105 आरक्षियों व 7 दरोगाओं के तबादले

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा कमिश्नरेट के तहत सेंट्रल नोएडा क्षेत्र में 105 आरक्षियों के विभिन्न थानों में तबादले किए गए हैं। वहीं नोएडा फेज-1 क्षेत्र में 7 पुलिस उपनिरीक्षकों को भी इधर से उधर किया गया है। सेंट्रल जोन स्तर पर गठित पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद तबादलों का यह निर्णय लिया गया। यह जानकारी सेंट्रल नोएडा के पुलिस उपायुक्त शक्तिमोहन अवस्थी ने दी है।



105 आरक्षियों के अलावा नोएडा फेज-1 क्षेत्र में तैनात उपनिरीक्षक रंजीत सिंह को थाना सेक्टर-39 से चौकी प्रभारी सदरपुर, शिल्पा चिकारा को चौकी प्रभारी विश टाउन थाना सेक्टर-126, राहुल यादव को सेक्टर-39 थाने से चौकी प्रभारी हरिदर्शन सेक्टर-24 थाना, नीरज अहलावत को सेक्टर-24 थाने से चौकी प्रभारी फिल्म सिटी, संजीव कुमार को सेक्टर-39 थाने से सेक्टर-58 थाना, आलोक कुमार को चौकी प्रभारी विश टाउन सेक्टर-126 थाना से सेक्टर-126 थाना तथा उपनिरीक्षक अभय प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी हरिदर्शन सेक्टर-24 थाने से सेक्टर-24 थाना स्थानांतरित किया गया है।

## पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पटाखे की बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद भी क्षेत्र में चोरी छुपे पटाखे बेचे जा रहे हैं। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि चोटपुर कॉलोनी आश्रम वाली गली में राम शब्द यादव के मकान में अवैध रूप से पटाखे की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से अभिमन्यु कुमार पुत्र सुरेश साहनी निवासी छपरा बिहार को दबोच लिया। कमरे में रखी पेटियों में पटाखे भरे हुए थे। पुलिस ने यहां से मैजिक पेपर शॉट, स्पार्कल, बुलेट बम, रॉकेट ,अनार सहित अन्य पटाखे बरामद किए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## शोरूम से कार खरीदते ही चोर लेकर हुआ रफूचक्कर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** परिवार सहित कार शोरूम पर नई गाड़ी खरीदने आए व्यक्ति की कार को एक व्यक्ति लेकर रफू चक्कर हो गया। पीड़ित ने थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-25 निवासी दीपक जोशी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ सेक्टर 10 स्थित मारुति सुजुकी नेक्सा शोरूम में नई कार खरीदने के लिए गया था। उसने अपनी कार शोरूम के बाहर खड़ी कर दी और भीतर चला गया।

इस दौरान वह कार बुकिंग की प्रक्रिया को पूरा कर रहा था। थोड़ी देर बाद शोरूम की महिला कर्मचारी के साथ एक अन्य व्यक्ति उसके पास पहुंचा और उससे कहा कि उसके बाहर से कार हटानी पड़ेगी। जब वह उस व्यक्ति के साथ जाने लगा (शेष पृष्ठ-4 पर)

# विभिन्न सड़क हादसों में तीन की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों की शिकायत पर आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




क्रिश्चियन कॉलोनी दिल्ली निवासी निसरत ने थाना फेस-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति आमीन 9 अक्टूबर की रात्रि को प्रर्थला ब्रिज के पास पैदल जा रहे थे। इस दौरान तेज गति में आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें सर में गंभीर चोटें आई। उसके पति के मालिक ने उन्हें 10 अक्टूबर की सुबह आरती हॉस्पिटल बुलाया जहां उसे पता चला कि उसके पति की मृत्यु हो गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नंबर के आधार पर बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

थाना सेक्टर-24 में मोरना गांव में रहने वाली संध्या तामिले ने स्कॉर्पियो कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि 22 सितंबर को उसके पति देवाशीष और उनका पुत्र जय साइकिल से मोरना से सेक्टर-50 की तरफ जा रहे थे। सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से तेज गति में आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो कार ने उनके पति की साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके पति वह बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनके गंभीर हालत को देखते हुए बाद में उन्हें विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया। 3 अक्टूबर को उसके पति की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसके बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पराली जलाने पर 3 किसानों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा में तीन किसानों के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेखपाल विकास कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम धनपुरा के रहने वाले जमील, शब्बीर सागर ने अपने खेतों में धान की पराली में आग लगा दी जिससे वायु प्रदूषण हो गया। शिकायत मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर पराली में लगी आग को बुझाया।

लेखपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के शासनादेश के तहत कृषि प्रणाली अवशिष्ट जलाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पराली जलाने से मिट्टी जलवायु एवं मानव स्वास्थ्य को हानि होती है। इस कारण इसके जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पराली जलाने की घटना सामने आने पर शासन द्वारा दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि लेखपाल की शिकायत पर तीनों किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश में पराली जलाए जाने से (शेष -4 पर)

# जमानत पर जेल से बाहर आया कुख्यात सरगना सुंदर भाटी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** पश्चिमी यूपी के कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। जिसके बाद सुंदर भाटी की गुरुवार को रिहाई हुई। जिसके बाद वह गुरुवार को वाराणसी से फ्लाइट द्वारा दिल्ली पहुंचा। समाजवादी पार्टी के नेता हरेंद्र नागर और उनके सरकारी गनर भूदेव शर्मा की हत्या के मामले में कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

आपको बता दें कि नोएडा पुलिस की चार्जशीट पर सुंदर भाटी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने सुंदर भाटी को रिहाई दे दी।

सुंदर भाटी पर हत्या, अवैध वसूली और जानलेवा हमले समेत 60 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। वह न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बल्कि पूर्वांचल में भी अपने आपराधिक कनेक्शन के कारण चर्चा में रहा है। इस साल अप्रैल में प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद सुंदर भाटी का नाम फिर से सुर्खियों में आया था, क्योंकि हत्याकांड में शामिल एक शूटर ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा प्राधिकरण में हुई बोर्ड बैठक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में आज चेयरमैन तथा उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। खबर लिखे जाने तक बैठक चल रही थी।

बोर्ड बैठक से पूर्व धरनारत भरतीय किसान यूनियन मंच के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मनोज कुमार सिंह की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने उनके समक्ष अपनी मांगें रखीं।

उधर बोर्ड बैठक में दो दर्जन एजेंडे अनुमोदन के लिए रखे गये। इस मौके पर सीईओ डा. लोकेश एम, ग्रेटर नोएडा के एसीईओ रवि कुमार एनजी, यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के सीईओ डा. अरूण वीर सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बालक लापता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र से एक (13 वर्षीय) बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले देव प्रसाद गेंदले ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में सैनी सीवीटेक के पास झुग्गी में रह रहा है। 22 अक्टूबर को उसका (13 वर्षीय) बेटा समीर गेंदले घर से स्कूल के लिए गया था। दोपहर को छुट्टी होने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा। उसके घर न पहुंचने पर उसकी तलाश की गई (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 100 करोड़ की लागत से चमकेंगी 6 सड़कें !

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर की पांच सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इनको विकसित करने के लिए करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इनका बजट और डिजाइन अनुमोदित हो चुका है। इसी में एक उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की प्रगति रिपोर्ट बोर्ड में प्रस्तुत की जाएगी। इन सभी पांच रोड को छह महीने में मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। ये कार्य अलग कंपनियां करेंगी।




जोनल रोड नंबर -8 में दिल्ली बार्डस से स्टेडियम क्रासिंग तक की रोड को मॉडल बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 1350 मीटर है। इसके लिए 28 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहां 2 मीटर चौड़ा फुटपाथ, लो हाइट सेंट्रल वर्ज, विद्युत सौंदर्यीकरण, इलेक्ट्रिक डक्ट, आरसीसी ड्रेन, 50 सेमी की ग्रीन बेल्ट का निर्माण होगा।

सेक्टर-2 व 3 के बीच सेक्टर-16 से सेक्टर-3 लेबर चौक तक इसकी लंबाई 500 मीटर। मॉडल बनाने में करीब 10.50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यहां अंडरग्रांउड यूटिलिटी, ग्रीन बेल्ट, इलेक्ट्रिक डक्ट का काम होगा।

सेक्टर-6 व 7 के बीच वसुंधरा से उद्योग मार्ग तक 500 मीटर लम्बी सड़क का निर्माण करीब 11.30 करोड़ रूपये से किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा, 5 पर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम तिरथली में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे पांच लोगों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जेवर तहसील के लेखपाल ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

लेखपाल विकास कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम तिरथली की कुछ जमीन राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। भूमाफिया खान मोहम्मद, शान मोहम्मद, नूर मोहम्मद पुत्र जमील, सतीश पुत्र श्रिया, श्रिया पुत्र मांगे द्वारा अवैध रूप से उक्त जमीन की (शेष पृष्ठ-4 पर)

# डीसीपी से मिला उप्र युवा व्यापार मंडल पदाधिकारी

## कीमती सामान व नकदी ले जाने वाले व्यापारी को मिलेगी सुरक्षा : रामबदन सिंह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारी ने त्यौहारी दिनों के मद्देनज़र नोएडा जोन के डीसीपी रामबदन सिंह से मुलाक़ात की। व्यापारी सुरक्षा की माँग करते हुए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दिवाली के दिनों में रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए राम बदन सिंह से अपील की। रात्रि गश्त बढ़ाने रेड लाइट पर पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद करने व असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए व्यापार मंडल ने लिखित ज्ञापन सौंपा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मोहिंदर सिंह ने शुरू किया था ठेकों में 35 फीसदी कमीशन का खेल !

## वर्ष-2009 में बसपा नेता ने में खोला था मोर्चा, पद गंवाना पड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के महाभ्रष्ट अधिकारी रहे मोहिंदर सिंह ने ही बहुजन समाज पार्टी की सत्ता में नोएडा प्राधिकरण में ठेकों में 35 फीसदी कमीशन खोरी का खेल शुरू किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री सुश्री मायावती तथा उनके भाई आनंद कुमार के इशारे पर प्राधिकरण में ठेकेदारों से कमीशन लेने की लूट शुरू की गई थी। जिसे अमली जामा पहनाने में मोहिंदर सिंह ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। मोहिंदर सिंह के बाद यहां तैनात अन्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी इस खेल को आगे बढ़ाकर खुली लूट-खसोट करते रहे।






भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति ने बहुजन समाज पार्टी में नोएडा महानगर के महासचिव पद पर रहते हुए मोहिंदर सिंह की इस कमीशन खोरी के खेल के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। उन्होंने इसकी वर्ष 2009 में इसकी लिखित शिकायत मोहिंदर सिंह के अलावा प्रदेश की मुख्यमंत्री सुश्री मायावती तथा मुख्य सचिव को की थी। वे लगातार इस गोरखधंधे की शिकायत करते रहे। नतीजा उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ा। आज सत्ता बदलते ही अब सरकार ने मोहिंदर सिंह के खिलाफ कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है।

बता दें कि जयप्रकाश प्रजापति वर्तमान में भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त केन्द्रीय मंत्री) डा. लोकेश प्रजापति के नोएडा कैम्प कार्यालय के प्रभारी भी हैं।



## धर्म निरपेक्षता पर दो टूक

देश की सर्वोच्च अदालत ने अपने दो अहम फैसलों में स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। साथ ही यह भी कि भारतीय संदर्भ में यह सोच सदा से रची-बसी रही है। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने अपने दो हालिया फैसलों के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या की है। पहले बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया। वहीं अदालत ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता को लेकर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या नहीं की जा सकती। कोर्ट का निष्कर्ष यह भी था कि संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़े जाने से पहले भी यह भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण सोच रही है। अदालत का कहना था कि समानता व बंधुत्व शब्द इसकी मूल भावना को ही अभिव्यक्त करते हैं। वैसे भारतीय समाज ने इस शब्द के मूल भाव का सहजता से अंगीकार किया भी है। यही वजह है कि कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान का मूल स्वर बताते हुए इसकी संकुचित व्याख्या करने से बचने के लिये कहा। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। निस्संदेह, यह वक्त की जरूरत भी है। वहीं दूसरी ओर बीते मंगलवार को शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द करने के फैसले को भी अनुचित ठहराया। इसके बजाय कोर्ट ने ऐसे कदम उठाने की जरूरत बतायी जो मदरसों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ सकें। कोर्ट को मानना था कि ऐसे मामलों की की गई संकुचित व्याख्या से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इससे पहले संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से तल्ख सवाल भी किए थे। कोर्ट न जानना चाहा कि क्यों उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परहेज है। इस बाबत याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप से परेशानी नहीं है। उन्हें राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक लक्ष्यों के लिये कालांतर संविधान संशोधन के जरिये इस शब्द को शामिल करने पर आपत्ति है। दरअसल, अदालत का कहना था कि भारतीय जीवन दर्शन में इस सोच का गहरे तक अंगीकार किया गया है। साथ ही कोर्ट ने मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत बताया। यह भी कि इस शब्द की संकुचित व्याख्या के चलते ही उत्तर प्रदेश के हजारों मदरसों के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। अदालत का मानना था कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढालना जाना चाहिये। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। अदालत ने दो टूक कहा भी कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा। यह भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण की भी अपरिहार्य शर्त है। साथ ही एक वाइब्रेंट लोकतांत्रिक समाज की आवश्यकता भी है। निश्चित तौर पर शीर्ष अदालत की ये टिप्पणियां जहां राजनीतिक दलों को आईना दिखाती हैं, वहीं आम लोगों को उदारवादी दृष्टिकोण के साथ सह-अस्तित्व की सोच का पोषण करने की जरूरत भी बताती हैं। जो वक्त के हिसाब से तार्किक भी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि देवर्षि की वाणी झूठी न होगी, यह विचार कर हिमवान, मैना और सारी चतुर सखियाँ चिन्ता करने लगीं। फिर हृदय में धीरज धरकर पर्वतराज ने कहा- हे नाथ! कहिए, अब क्या उपाय किया जाए?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-कह मुनीस हिमवंत सुनु जो बिधि लिखा लिलार।**
**देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेटनिहार॥**

मुनीश्वर ने कहा- हे हिमवान! सुनो, विधाता ने ललाट पर जो कुछ लिख दिया है, उसको देवता, दानव, मनुष्य, नाग और मुनि कोई भी नहीं मिटा सकते॥

**तदपि एक मैं कहउँ उपाई। होइ करै जौं दैउ सहाई॥**
**जस बरु मैं बरनेउँ तुम्ह पाहीं। मिलिहि उमहि तस संसय नाहीं॥**

तो भी एक उपाय मैं बताता हूँ। यदि दैव सहायता करें तो वह सिद्ध हो सकता है। उमा को वर तो निःसंदेह वैसा ही मिलेगा, जैसा मैंने तुम्हारे सामने वर्णन किया है॥

**जे जे बर के दोष बखाने। ते सब सिव पहिं मैं अनुमाने॥**
**जौं बिबाहु संकर सन होई। दोषउ गुन सम कह सबु कोई॥**

परन्तु मैंने वर के जो-जो दोष बतलाए हैं, मेरे अनुमान से वे सभी शिवजी में हैं। यदि शिवजी के साथ विवाह हो जाए तो दोषों को भी सब लोग गुणों के समान ही कहेंगे॥

(क्रमशः..)

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध गढ़े जा रहे है झूठे विमर्श

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए माई बॉडी माई चोईस; हमको भारत में रहने में डर लगता है; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान हिंडनबर्ग अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुक्सान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है।

भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में



**भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'।**

आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जोरज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

पश्चिमी देशों द्वारा भारत के विरुद्ध चलाए जा रहे इस अभियान (झूठे विमर्श) को आज तोड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए उनके प्रत्येक विमर्श को अलग अलग रखकर भिन्न भिन्न तरीकों से तोड़ना होगा। जैसे किसी विज्ञापन में भारतीय परम्पराओं का निर्वहन करने वाली महिला यदि बिंदी नहीं लगाएगी तो उस उत्पाद को नहीं खरीदेंगे, यदि किसी फिल्म में भारतीय संस्कृति एवं आध्यातम का मजाक उड़ाया जाता है तो उस फिल्म का भारतीय समाज बहिष्कार करेगा। भारतीय त्यौहारों के विरुद्ध किये जा रहे प्रचार, जैसे दिवाली पर फटाके जलाने से पर्यावरण को नुक्सान होता है, होली पर पानी की बर्बादी होती है, शिवरात्रि पर दूध बहाया जाता है, आदि के विरुद्ध भी उचित प्रतिकार किया जाना चाहिए। यह हमें समझना होगा कि भारतीय परम्पराएं आदि-अनादि काल से चली आ रही हैं और यह संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर विश्वास करती है। अतः पूरे विश्व में यदि शांति स्थापित करना है तो भारतीय संस्कृति पर आधारित दर्शन ही इसमें मददगार हो सकता है, इससे पूरे विश्व की भलाई होगी।

**-प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

## जम्मू-कश्मीर में नई शुरुआत

उमर अब्दुल्ला ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर की कमान संभाल ली है। 2014 में उन्हें पीडीपी के मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने अपदस्थ कर दिया था। वैसे कश्मीर में सैयदों की और देसी मुसलमानों की लड़ाई बहुत पुरानी है। मुफ्ती साहिब के इंतकाल के बाद उनकी बेटी सैयदा महबूबा मुफ्ती राज्य की मुख्यमंत्री बन गई थीं। मुफ्ती परिवार का यह राजयोग भाजपा के समर्थन पर टिका था। वैसे यह भी अपने आप में सातवां आश्चर्य ही था कि जनसंघ/भाजपा शुरू से ही स्वदेशी का ही समर्थन करती रही हैं, लेकिन जब कश्मीर में राजसत्ता देने की बात आई तो फैसला सैयदों के हक में दे दिया। इससे राज्य के गुज्जर, दलित और पसमांदा मुसलमान भाजपा से रुष्ट भी हुए थे। लेकिन अब यह पुरानी बात है। वैसे भी हालात कुछ ऐसे बने कि भाजपा ने अपना सहयोग वापस ले लिया। जाहिर है इससे मुफ्ती परिवार के हाथ की लकीरें भी बदल गईं। लेकिन उसके बाद जम्मू कश्मीर में इतना कुछ बदल गया जिसको समझने समझाने में समाजविज्ञानियों को पसीना आने लगा। इतना ही नहीं, पाकिस्तान से लेकर अमेरिका तक में हडकम्प मच गया। अमेरिका ने बहुत ही चालाकी से भारत को इस मुद्दे पर घेरा हुआ था। दुनिया भर को विश्वास दिला रखा था कि जम्मू कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का विषय है। इन गोरे लोगों ने चाल इतनी खूबसूरती से चली थी कि भारत में भी बहुत से लोग विश्वास करने लगे थे कि कश्मीर दोनों देशों में विवाद का कारण है। इस भ्रम को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 था ही। कश्मीर घाटी में तो इस मृगमरीचिका का शिकार होकर बहुत से कश्मीरी भी आजादी-आजादी चिल्लाते हुए, पाकिस्तान के साथ जाने के सपने देखने लगे। इसलिए सैयदों की इन अरबी चालों और गोरों की नस्ली चालों को सदा के लिए दफनाने के लिए भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को ही हटा दिया। हडक़म्प मचना तय ही था। लेकिन ज्यादा हो-हल्ला तीन डेरों पर ही मचा। पहला डेरा अब्दुल्ला परिवार का था। यह डेरा जम्मू कश्मीर का स्थानीय या लोकल डेरा था।

यह ठीक है कि डेरे के पूर्वज कभी अति उत्साह में अरबी शेख बनने चले थे, शायद कश्मीरियों को डराने के लिए ही। लेकिन वे जल्दी समझ गए कि दूसरों के कपड़े पहन कर देवदार को खजूर समझने से मानसिक तनाव ही बढ़ता है, इसलिए वे जल्दी ही नकली शेख की वर्दी उतार कर अपने देसी लोगों में ही शामिल हो गए। दूसरा डेरा सैयदों का था। वे अभी भी देवदारों पर खजूरें लगने की तरकीबें तलाश रहे थे। तीसरा डेरा उन अलगाववादियों का आकार ले रहा था जिनका नियंत्रण तो एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) मूल के विदेशी मुसलमानों के हाथ में ही था, लेकिन मजहब के नाम पर उन्होंने कुछ देसी कश्मीरी भी अपने डेरे में बिठा रखे थे। जैसे ही अनुच्छेद 370 खत्म हुआ हड़बड़ाहट में ये तीनों डेरे गुपकार के नाम पर एक साथ रोने लगे। लेकिन इतनी बेसुरी आवाजें निकलीं कि उसमें कश्मीर कहीं सुनाई नहीं दे रहा था। देसी डेरे ने तो अरसा पहले ही अरबी शेख बनने का गैर कश्मीरी रास्ता छोड़ दिया था। वह समय की चाल को भी समझ गया था और समय के महत्व को भी। फिर वह जम्मू कश्मीर का देसी डेरा था, राज्य के देसी मन को कैसे न समझता! अरबी डेरे न तो कश्मीर के मन को समझ पाए और न ही समय की चाल को। यही कारण है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में अरबी डेरे उखड़ गए और देसी डेरों ने धमाल मचा दी। जम्मू संभाग में भाजपा ने झंडे गाड दिए और कश्मीर संभाग में अब्दुल्ला परिवार की नैशनल कान्फ्रेंस ने अंगद की तरह पैर जमा दिया। उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री बनना ही था, लेकिन अनुमान इस बात को लेकर लगाया जा रहा था कि विधानसभा में बहुमत हासिल करने के बाद भी क्या वे राज्य के भीतर की देसी अभिलाषा को पढ़ते रहेंगे या फिर विदेशी भाषा की चालों में फंस जाएंगे। उमर के मंत्रिमंडल को देख कर लगता है वे भूतकाल से निकल कर भविष्य के रास्ते पर चलने का निर्णय कर चुके हैं। चुनाव से पहले नैशनल कांन्फ्रेंस ने कांग्रेस से समझौता किया हुआ था।

जम्मू संभाग की अधिकांश सीटें राहुल गांधी के हवाले करते हुए उसे उसी का मंत्र भी याद दिला दिया था, जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी। लेकिन राहुल गांधी संख्या लेकर हाजिर हुए महज छह की। उसमें भी पांच लोग तो उमर अब्दुल्ला के इलाके कश्मीर के ही थे और जीते भी नैशनल कान्फ्रेंस की मदद से ही थे। कांग्रेस के प्रधान मल्लिकार्जुन खडगे दिल्ली में बुढ़ापा नृत्य करते रहे कि जम्मू कश्मीर में इंडी गठबंधन जीत गया है, लेकिन उमर ने अपने मंत्रिमंडल में कांग्रेस को शामिल ही नहीं किया। अलबत्ता राहुल गांधी ने यह भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर की कि जब तक जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक उनकी पार्टी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी। कश्मीर से सकीना इट्ठू को मंत्री बनाया गया है। कश्मीर से दूसरे मंत्री जावेद अहमद डार मंत्री बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री समेत कश्मीर संभाग से तीन सदस्य हैं। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग में संतुलन बनाने का प्रयास किया है। राजौरी जिला में उनकी पार्टी के सुरेन्द्र चौधरी जीते थे। उनको राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह अलग बात है कि चौधरी पीडीपी से शुरू करके, भाजपा से होते हुए नैशनल कान्फ्रेंस तक पहुंचे हैं। पुंछ जिला से नैशनल कान्फ्रेंस के ही जावेद अहमद राणा मंत्री बनाए गए हैं। इस प्रकार पीर पंजाल से दो मंत्री हो गए। लेकिन जम्मू के मैदानी इलाकों का क्या किया जाए? उमर इसे छोड़ सकते थे। आखिर उसकी पार्टी को वहां से मिला ही क्या था? लेकिन उन्होंने छम्ब से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल करके अपनी ओर से संतुलन बनाए रखने का हरसंभव प्रयास किया है। शपथ ग्रहण करने से पूर्व ही उन्होंने अपनी ओर से धुंध साफ करने का प्रयास करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि वे जानते हैं कि वर्तमान परिदृश्य में अनुच्छेद 370 के पुनः जीवित हो उठने का कोई मौका नहीं है। इसलिए वे अपनी ओर से राज्य के लोगों को अन्य नेताओं की तरह झूठे आश्वासन नहीं दे सकते और न हीं देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जहां तक राजनीतिक दल की हैसियत का सवाल है, नैशनल कान्फ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी का प्रश्न है, दोनों अलग अलग राजनीतिक दल हैं। इसलिए अपनी अपनी राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे ही। लेकिन जहां तक सरकारों का सवाल है, राज्य सरकार केन्द्र सरकार से तालमेल बना कर ही चलेगी।

इससे जाहिर होता है कि उमर अब्दुल्ला केवल यथार्थ के धरातल पर ही नहीं खड़े हैं, बल्कि भारत की भीतरी एकात्मता को पहचान रहे हैं। राहुल गांधी के 'जलेबी स्तर' और उमर अब्दुल्ला के 'चिंतन स्तर' का यही अंतर राज्य में भविष्य की राह बनाएगा। यह भी शायद पहली बार ही हुआ है कि राज्य मंत्रिमंडल में एटीएम गायब है। इसमें देसी कश्मीरी तो हैं, लेकिन सैयद कोई नहीं है।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन परेशान रहेगा। बच्चों के सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं का संकेत है।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
घरेलू सुख बाधित होगा। गृह-कला के संकेत हैं। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वंय के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक ऊर्जा थोड़ी मध्यम रहेगी। अपनों के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। नाक,कान और गला की परेशानी हो सकती है।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आर्थिक हानि के संकेत हैं। निवेश करने से बचें। अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
ऊर्जा का स्तर घटा रहेगा। बुझे-बुझे से रहेंगे। प्रेम-संतान और व्यापार अच्छा रहेगा। शिवजी को जल देते रहें।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
अनाब-सनाब खर्चे होंगे। सिर दर्द और नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार मध्यम है।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आर्थिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा बहुत खुशनुमा नहीं रहेगा। प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार मध्यम है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। स्वास्थ्य मध्यम, सीने में विकार संभव है। राजनीतिक गलियारों में बहुत अच्छा स्थिति नहीं दिख रहा है।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
मान-हानि के संकेत हैं। प्रतिष्ठा पर आंच न आने दें। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी अच्छा है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी हो गई है। व्यापार भी ठीक है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। शुभ समाचार मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा।

# माकपा का जिला सम्मेलन कल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) गौतमबुद्धनगर का नौवां जिला सम्मेलन कल डिवाइन ड्रीम फार्म हाउस गांव इटेडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट (निकट- एक मूर्ति चौक) पर होगा।

यह जानकारी देते हुए गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में जिले के मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, नौजवानों के ज्वलंत मुद्दों/ समस्याओं पर विचार विमर्श एवं संघर्षों को तेज करने की रणनीति तय की जाएगी तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था, सार्वजनिक राशनिंग व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि की दुर्दशा एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी एवं पार्टी के पिछले 3 साल के कार्यों की समीक्षा और नई जिला कमेटी का चुनाव किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन भाषण कामरेड बृजेश कुमार सिंह सीपीएम दिल्ली राज्य कमेटी सचिव मंडल सदस्य करेंगे और समापन भाषण कामरेड अनुराग सक्सेना सीपीएम दिल्ली राज्य सचिव मंडल सदस्य रखेंगे।

# सरकारी स्कूलों के हुए खेल प्राइमरी स्कूल मथुरापुर ने मारी बाजी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विकास खण्ड दादरी के न्यायपंचायत घोड़ी बछेडा के अंतर्गत आने वाले लगभग 15 प्राइमरी स्कूलों की संयुक्त बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता कम्पोजिट विद्यालय जुनपथ में करायी गयी। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला व्यायाम शिक्षक सतीश नागर एवं कुलदीप नागर ने किया।




प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊँची कूद, कुश्ती, बैडमिंटन,योगा आदि कराया गया।

प्रतियोगिता में जिला व्यायाम शिक्षक सतीश नागर,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कुलदीप नागर, उ प्र प्रा शिक्षक संघ के संरक्षक अशोक शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, संयोजक गीता पाठक, गीता यादव, ज्योति सिंह राम गोपाल इन्द्र प्रताप सिंह निशा प्रमिला विजय शर्मा विमला सिंह रीता यादव, अनामिका सारिका अर्चना सुमन शर्मा सीमा नागर विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# आर्य मोटर्स टीवीएस शोरूम का उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** तिलपता गांव के मेन रोड़ के बगल में कल आर्य मोटर्स टीवीएस शोरूम का प्रमुख समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सदस्यता का नवीनीकरण कराया



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कासना मंडल में भाजपा के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के तहत कासना मंडल अध्यक्ष दिनेश भाटी प्रभारी इंद्रजीत टाइगर जिला महामंत्री योगेंद्र चौधरी स्थित कैम्प कार्यालय पर कासना मंडल के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कराया।

# पेयोमैटिक्स दिवाली बैश ने मचाई धूम मस्ती, जश्न का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पेयोमैटिक्स ने ग्रेटर नोएडा स्थित



'एड्रेस बाय रेड कॉर्पेट' में अपना भव्य दिवाली बैश कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम की शोभा पेयोमैटिक्स की निदेशक और संस्थापक सुश्री रुचि राठौर ने बढ़ाई, जिन्होंने कंपनी के दृष्टिकोण और विकास के बारे में बात की, उनके साथ पैयोमैटिक्स परिवार के प्रमुख वित्त निदेशक अनुराग प्रताप सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह (तकनीकी संचालन निदेशक), और पुनीत घई (सीईओ), सहित पूरी टीम ने मेहमानों का स्वागत किया और उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। रुचि राठौर ने कहा कि यह दिवाली बैश संबंधों को मजबूत करने, रोशनी के त्योहार को मनाने और एक उज्जवल भविष्य की ओर देखने का अवसर है।

मुख्य आकर्षण लोकप्रिय फंकीस्तान बैंड का शानदार लाइव प्रदर्शन था, जिसकी ऊर्जावान धुनों और मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने जश्न का माहौल और भी खास बना दिया।

कार्यक्रम में उद्योग के कुछ बड़े नामों ने भी भाग लिया जिनमें मुद्रा मार्वल, बिलडेस्क, ईज़बज़, आरबीएल बैंक, ताइकी मीडिया, जीएलए यूनिवर्सिटी, ऑक्सिमनी, बजट्री और प्रतिष्ठित अतिथि जैसे सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुमिता कपिल, लाईफ कोच पूनम कालरा और ब्रिगेडियर अरुण गुप्ता (कॉर्पोरेट ट्रेनर कोच) शामिल थे।

# निडर फाउंडेशन संस्था ने लगाया दिव्यांग जनों का 'उद्यम पंजीकरण' करने का स्टॉल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिव्य कला मेला जबलपुर में निडर फाउंडेशन के संस्था ने मेरा उद्यम का 'उद्यम




पंजीकरण' कराया और मुझे एक नयी पहचान एक उद्यमी और उद्योगपति का दर्जा दिया। मुझे इस मेले में बहुत सारे कार्यशाला में नयी विषयों पर जानकारी मिली।

जीईएम पोर्टल सफलता पूर्वक उद्योग को चलाने के नए तरीके, विपणन के टिप्स आदि बहुत महत्वपूर्ण बाते सीखने को मिला। बड़ी खुशी से गोपाल कृष्ण राव टोपे ने कहा,जो नागपुर महाराष्ट्र से हैं जिनका शर्ट उत्पादन का उद्योग है और दिव्या कला मेला में स्टॉल नंबर 36 से अपना कार्य को दर्शा रहे हैं।

ये सब सपना साकार हुआ डीईपीडब्ल्यूडी, एमएसजेई मंत्रालय के बड़े लक्ष्य से जो दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना और समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करता है। निडर फाउंडेशन संस्था अपने 10 संख्या स्टॉल द्वारा दिव्य कला मेला जबलपुर में भाग लेते हुए 150 से अधिक दिव्यांगजन भागीदारों को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

ऑनलाइन उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 40 से अधिक दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया ,लगभग 25 ने उद्यम पंजीकरण के लिए पंजीकरण कराया, 5 उद्यमियों के अपना उद्यम पंजीकरण हो गए,बाकी प्रक्रिया में हैं जबकि अन्य दिव्यांगजनों के लिए निडर फाउंडेशन के वर्चुअल इनक्यूबेटर की सभी ऑनलाइन सेवाओं में रुचि दिखाई।

घर या दुकान पर बैठे भारत के कोई भी शहर या गाँव से कोई भी दिव्यांगजन उद्यमशीलता का ज्ञान, सलाह और निडर बिजनेस नेटवर्क से जुड़ कर अपना उद्योगपति का सपना पूरा कर सकते हैं।

# तीन घरों में 4 लैपटॉप मोबाइल व नकदी चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** घरों से सामान चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की दो घटनाओं का अंजाम दिया। चोर घरों से चार लैपटॉप,मोबाइल,पर्स व अन्य सामान को चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-40 में रहने वाली शिवांगी मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 अक्टूबर को उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इस कारण वह जल्दबाजी में अस्पताल चली गई थी। इस दौरान अपने कमरे को ताला लगाना भूल गई थी। डॉक्टर को दिखाकर जब वह घर वापस लौटी तो उसके कमरे से दो लैपटॉप गायब थे। उसने अपने गायब लैपटॉप की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से चोरों ने एक युवक के कमरे से दो लैपटॉप, मोबाइल,पर्स आदि चोरी कर लिया।

उत्तर मध्य रेलवे

No:-DRM/C/AGRA / PARKING / E-AUCTION/2024 Dated:-23.10.2024

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा के द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| श्रेणी : पार्किंग | केटलॉग संख्या : PARKING-2024-08 | |
|---|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया मे वीआईपी गेट के पास स्थित साईकिल, स्कूटर एवं मोटरसाईकिल पार्किंग | दिनांकः-11.11.2024 समयः - 11:30 | दिनांक :- 11.11.2024 समयः- 12:00 |

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है।

1859/24(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/922/2024 दिनांक : 25/10/2024

सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है :-

ग्राम चकजलालाबाद के सैक्टर - 22ई के 120 मी0 चौड़ी सड़क व कुरैब सैक्टर 32 के अन्तर्गत आने वाले खसरा नम्बरान

| क्रमांक | सैक्टर/ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22ई चकजलालाबाद | 46 | 15<br>10 | 0.9620<br>0.5720 | राजकुमार गौड पुत्र किशनलाल नि. रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्ध नगर। | 1/14<br>1/14 | 0.0687<br>0.0409 |
| 2. | 32 कुरैब | 78 | 270 | 2.5930 | जगन देवी पत्नी कमल सिंह, रिंकू सिंह, व संदीप पुत्रगण कमल सिंह निवासी ग्राम सालारपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्ध नगर | में से | 0.0314 |
| 3. | 32 कुरैब | 268 | 282 | 0.7390 | जगन देवी पत्नी कमल सिंह निवासी ग्राम सालारपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्ध नगर। | में से | 0.1030 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रुप में 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर
वेबसाइटः www.greaternoidaauthority.in, ई-मेलः authority@gnida.in

पत्रांकः वरि०प्र०/(ई-निविदा सेल)/2024/535ए दिनांक 24 अक्टूबर, 2024

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- वरि०. प्र०/(ई-निविदा सेल)/2024/535 दिनांक 24.10.2024 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 16 तक के कार्य की ई-निविदाये आमन्त्रित जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइटः www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम /वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| | **निर्माण कार्य** | |
| 1. | गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम पहुँच मार्ग पर आर.सी.सी. नाले का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-7) | रु० 12.95 लाख |
| 2 | ग्राम सादोपुर में (जी.टी. रोड से पीतम होम तक) और (ग्राम-मुख्य सड़क से महाराज सिहं, सुरेन्द्र एवं सुधार होम तक) इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-7) | रू0 18.96 लाख |
| 3. | सेक्टर गामा-1 के ब्लॉक-ए में स्टाफ रूम का डिस्मेंटल और पुनः निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 27.68 लाख |
| 4 | ग्रेटर नौएडा के सेक्टर-16 (आवासीय) में प्लॉट संख्या एन.एस-1 और एन.एच-2 के बीच में शेष 24 मी० चौड़ी सड़क एवं आर.सी.सी. ड्रेन का निर्माण। (वर्क सर्किल-1) | रू0 30.14 लाख |
| 5 | ग्राम तुगलपुर हल्दौना में अवशेष सी० सी० रोड़ एवं नाली मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल-4) | रू0 79.38 लाख |
| 6. | ग्राम चिपयाना बुजुर्ग, शाहबेरी, मिलक लक्छी एवं रोजा याकूबपुर के प्राथमिक विद्यालय एवं जुनियर हाई स्कूल में इंटरलॉकिंग टाइल्स उपलब्ध कराने एवं बिछाने का कार्य। (वर्क सर्किल-1) | रू0 104.89 लाख |
| 7 | सैक्टर-रिक्रिएशनल ग्रीन 6 में 24 मी० चौडी सड़क, ड्रैन, सीवरेज सिस्टम एवं जलापूर्ति का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-3) | रू0 261.66 लाख |
| 8 | सेक्टर-16 (औद्योगिक) आर.सी.सी. ड्रैन का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-1) | रू0 336.48 लाख |
| | **जलापूर्ति एवं सीवर का कार्य** | |
| 9 | सैक्टर पाई-1 में गंगाजल कैम्पस आर-1 की सड़क, ड्रैन, रेन वाटर हारवेस्टिंग, टॉयलेट एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-जल) | रू0 11.20 लाख |
| 10. | विभिन्न सैक्टरों में भूमिगत जलाशयों की वैज्ञानिक विधि द्वारा दो वर्ष में दो बार सफाई का कार्य। (वर्क सर्किल-जल) | रु० 24.10 लाख |
| 11. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर-1 में वितरण पाईप उपलब्ध कराने एवं बिछाने का कार्य। (वर्क सर्किल-जल) | रू0 102.49 लाख |
| 12. | ग्रेटर नौएडा के विभिन्न ग्रामों एवं सैक्टरों में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों (घोड़ी बछेडा, रिटौरी सफीपुर, मुर्शदपुर डाढ़ा, डावरा) में डिस्ट्रीब्यूसन पाईप लाईन का तीन वर्ष अनुरक्षण कार्य (पार्ट-2बी)। (वर्क सर्किल-जल) | रु० 233.93 लाख |
| | **उद्यान विभाग** | |
| 13. | सैक्टर सिग्मा-2 में ब्लॉक-सी एवं डी में ग्रीन बेल्ट के चारदीवारी का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रु० 35.70 लाख |
| 14. | हिमालय पराइड के सामने पाथवे का निर्माण एवं मास्टर ग्रीन बेल्ट का सिविल कार्य के साथ दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रू0 45.15 लाख |
| 15. | सैक्टर इकोटेक-11 के पार्क में पाथवे, चारदीवारी एवं झोपड़ी का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रू० 81.21 लाख |
| 16. | सैक्टर लैम्डा के सामने 105 मीटर रोड़ व रोटरी के साथ सैक्टर-थीटा-2 और सैक्टर लैम्डा के मध्य रोटरी का विकास कार्य के साथ दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रू० 95.25 लाख |

क्रम सं0-1, 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 13, 14, 15, एवं 16, पर अंकित कार्य दिनांक-29.10.2024 से 08.11.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री क्वालिफिकेशन दिनांक 11.11.2024 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं0-7, 8, एवं 12 पर अंकित कार्य दिनांक-29.10.2024 से 12.11.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक-14.11.2024 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)

Follow Us On / OfficialGNIDA

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### सोशल मीडिया का उपयोग की न्यूनतम उम्र 15 वर्ष

**नार्वे** । 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे।नार्वे के प्रधानमंत्री जोनाश गहर स्टोरे ने कहा यह कठिन लड़ाई है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना जरूरी है। नार्वे में सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम उम्र 13 वर्ष निर्धारित थी। बच्चों में पड रहे दुष्प्रभाव और बढ़ते दबाव के बाद इस उम्र को बढाकर 15 वर्ष किया गया है। सरकार ने जो शोध कराया है।उसके अनुसार 9 साल से अधिक 50 फीसदी 10 साल से अधिक वाले 58 फीसदी और 11 साल के 72 फीसदी बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। जिसके कारण भविष्य में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसको देखते हुए, सरकार ने अब न्यूनतम उम्र को 15 वर्ष किया गया है।

### इमरान खान की पत्नी को मिली जमानत

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को आखिरकार जेल से रिहाई मिल गई है। उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार होने के बाद करीब नौ महीने तक हिरासत में रखा गया था। गुरुवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश मियांगुल हसन औरंगजेब ने उनकी बेल का फैसला सुनाया। इसके लिए बुशरा को 10 लाख रुपये के जमानती बांड भरने होंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से जानकारी दी कि बुशरा बीबी को जेल से रिहा किया गया है। पार्टी ने रिहाई की पुष्टि करते हुए कहा, ह्वपूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी को जेल से रिहा कर दिया गया है। बता दें कि इमरान खान, जो रावलपिंडी के अदियाला जेल में तोशाखाना, सिफर केस और इद्दत मामलों में एक साल से ज्यादा समय से कैद हैं, उनकी पत्नी की रिहाई से पार्टी के कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे चलकर यह मामला कैसे आगे बढ़ता है और क्या इमरान खान की राजनीतिक स्थिति में कोई बदलाव आता है।

### बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान से मिले पप्पू यादव

**मुंबई**। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का क्रिमिनल बताने वाले बाहुबली नेता और पूर्णिया के सांसद गुरुवार की रात मुंबई में बाबा सिद्दीकी के घर पहुंचे और उनके बेटे जीशान सिद्दीकी से मिले। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने 12 अक्टूबर को मुंबई में हत्या कर दी थी। पप्पू यादव ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का क्रिमिनल कहा था और दावा कर दिया कि कानून इजाजत दे तो वो 24 घंटे में लॉरेंस का नेटवर्क खत्म कर देंगे। जेल में सुरक्षित बैठा लॉरेंस बिश्नोई कई चर्चित लोगों की हत्या सुपारी किलरों से करवा चुका है। लॉरेंस के घोषित टारगेट में सलमान खान सबसे ऊपर हैं। पप्पू यादव ने आधी रात के बाद जीशान से मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है- बिहार के मरहूम बेटे बाबा सिद्दीकी साहब के सुपुत्र जीशान से मिला। मैं हर परिस्थिति में उनके परिवार के साथ हूं।

# चक्रवाती तूफान दाना ओडिशा तट से टकराया, हुआ कमजोर

▸ फ्लाइट और ट्रेनों का आवागमन शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली**। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार रात ओडिशा के तट से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया। तूफान की लैंडफॉल प्रक्रिया सुबह करीब 8:30 बजे खत्म हुई, जिसके बाद इसकी रफ्तार घटकर 10 किमी प्रति घंटे रह गई। तूफान दाना के असर से ओडिशा में बारिश जारी है और भद्रक व केंद्रपाड़ा जैसे क्षेत्रों में 30 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश की संभावना है। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने बताया कि 5.84 लाख लोगों को राहत कैंपों में शिफ्ट किया गया है। तूफान से कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए



और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कोलकाता और भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। कोलकाता से पहली फ्लाइट सुबह 8:40 बजे रवाना हुई। रेलवे ने बताया कि रद्द ट्रेनों को छोड़कर ओडिशा और पश्चिम बंगाल जाने वाली बाकी सभी ट्रेनें अपने शेड्यूल के मुताबिक चल रही हैं। हालांकि, गुरुवार शाम 5 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 300 फ्लाइट्स रद्द की गई थी और रेलवे ने 552 ट्रेनों को रद्द किया था।

ओडिशा के अलावा, चक्रवात दाना का प्रभाव पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी देखा गया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 83 हजार लोगों को राहत कैंपों में पहुँचाया । ओडिशा में एनडीआरएफ, ओडिशा ओडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की गई हैं। प्रभावित पर्यटन पार्क और ओडिशा उच्च न्यायालय भी आज बंद रहेंगे। सीएम मोहन चरण माझी ने तूफान से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। चक्रवात दाना ने राज्यों में गंभीर स्थिति पैदा कर दी है, और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षा और सहायता प्रदान की जा सके ।

## ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में भारी बारिश

नई दिल्ली । चक्रवात दाना का असर देश के कई हिस्सों में दिख रहा है, इससे ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में भारी बारिश का दौर जारी है। इस बीच, उत्तरी भारत के मैदानी इलाकों में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है और ठंड धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। दिल्ली में रातें ठंडी होने लगी हैं, और मौसम विभाग के अनुसार, दिवाली के बाद तापमान में और गिरावट आ सकती है। इस सप्ताह दिल्ली का अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी का अनुमान है कि नवंबर के पहले सप्ताह से दिल्ली में ठंड बढ़ने लगेगी और रात का तापमान तेजी से गिरेगा। केरल और झारखंड में ऑरेंज अलर्ट के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जबकि बिहार और तमिलनाडु में हल्की बारिश के लिए येलो अलर्ट जार हुआ है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सावधान रहने और सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## तिरुपति में बम धमाके की धमकी से मचा हड़कंप, पुलिस ने गहन तलाशी

▸ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

**तिरुपति** । तिरुपति में कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिरुपति के लीला महल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी इलाके के होटलों को ईमेल के जरिए बम धमाके की धमकी दी गई थी। इन ईमेल में कथित तौर पर ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक का नाम भी लिया गया है, जिसे हाल ही में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था। धमकी मिलने के



बाद पुलिस ने इन होटलों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया, जिसमें बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद ली गई। अधिकारियों ने बताया कि यह धमकी मात्र एक अफवाह थी, लेकिन पुलिस ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी है और धमकी देने वाले का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। तिरुपति के इंस्पेक्टर श्रीनिवासुलु ने बताया, तीन होटलों को बम धमाके की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। मामले की गहराई से जांच की जा रही है, और जल्द ही अपराधियों का पता लगाया जाएगा। धमकी भरे ईमेल की जानकारी मिलने के बाद पुलिसकर्मियों ने पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। तिरुपति में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आते हैं। पुलिस इस स्थिति में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरत रही है और मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में देश में फ्लाइट्स, स्कूल-कॉलेजों और अब होटलों को भी बम से उड़ाने की धमकियां लगातार मिल रही हैं। केवल एक हफ्ते में ही 170 से अधिक फ्लाइट्स को ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। इस पर सरकार ने भी कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डालने का प्रावधान शामिल है।

## उपराज्यपाल सिन्हा ने आंतकियों के खत्में के दिए आदेश

**श्रीनगर** । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि वे गुलमर्ग में सेना के वाहन पर हमला करने वाले आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दें। आतंकवादियों ने गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर बूटा पथरी इलाके में वाहन पर तब गोलीबारी की, जब वह अफरावत रेंज में नागिन पोस्ट की ओर जा रहा था। इस हमले में बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की मौत हो गई और तीन सैनिकों सहित चार लोग घायल हो गए। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने लिखा, बूटा पथरी सेक्टर में हुए जघन्य आतंकी हमले पर सेना के शीर्ष अधिकारियों से बात की। आतंकवादियों को ढेर करने के लिए त्वरित और मुंहतोड़ जवाब देने के निर्देश दिए।

## दीपावली पर 28 से 15 नवंबर तक 24 घंटे मिलेगी बिजली

एजेंसी

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक राज्य में बिजली कटौती न हो। इस दौरान कई हिंदू त्यौहार भी पड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति में एक बैठक में यह आदेश जारी किया। आदित्यनाथ ने कहा कि खुशी और उत्सव के इस दौर में 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। पावर कॉरपोरेशन को इसके लिए आवश्यक तैयारियां करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य और ट्रॉमा सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहनी चाहिए। डॉक्टर सभी क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध होने चाहिए, चाहे वे गांव हों या शहर। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खतरे पर भी ध्यान दिया जो त्यौहारों के समय काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा निरीक्षणों को तेज किया जाना चाहिए, लेकिन यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि निरीक्षण के बहाने किसी को परेशान न किया जाए। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को ग्रामीण मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाने का भी आदेश दिया। उन्होंने कहा कि खस्ता हालत बसों को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों की संपत्ति को जब्त करेगी पुलिस

एजेंसी

**प्रयागराज**। प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 15 लोगों पर गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें बाहुबली अतीक अहमद के दोनों बेटों अली और उमर के साथ बमबाज गुड्डू का भी नाम शामिल है। पुलिस ने अली को अतीक के गैंग का लीडर घोषित किया है। पुलिस अब इन आरोपियों पर गैंगस्टर की धारा के तहत अपराध से अर्जित संपत्तियों को भी जब्त करेगी।मालूम हो कि प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में 24 फरवरी 2023 को सरेआम उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या कर दी गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसमें कातिलों के चेहरे साफ नजर आ रहे थे। इस वारदात के बाद से आरोपियों पर लगातार पुलिस का एक्शन जारी है। बता दें कि उमेश हत्याकांड को माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम, अरमान, साबिर, उस्मान व गुड्डू मुस्लिम ने अंजाम दिया था। पर्दे के पीछे इसमें और भी कई लोग शामिल थे। वारदात के कुछ दिनों बाद ही यूपी एसटीएफ ने अतीक के बेटे असद और गुलाम को एनकाउंटर में मार दिया था। फिर पुलिस ने प्रयागराज में दो अलग-अलग जगहों पर उस्मान और अतीक के ड्राइवर अरबाज को मुठभेड़ में मार दिया था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची रायपुर

**रायपुर**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंची। रायपुर एयरपोर्ट पर राज्यपाल रमन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति रायपुर एयरपोर्ट से सीधे रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह के बाद राजभवन जाएंगी। विश्राम के बाद दोपहर 3 बजे एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके बाद शाम 4.30 बजे नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात का कार्यक्रम है। शाम 6 बजे वापस राजभवन लौटने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी।

## ट्रंप ने पलट दी बाजी, कमला हैरिस को पीछे छोड़ा

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रंप वर्तमान में हैरिस से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। नेशनल सर्वे में ट्रंप को 47 प्रतिशत और हैरिस को 45 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना जताई गई है। वहीं, सीएनबीसी ऑल-अमेरिका इकोनॉमिक सर्वे में ट्रंप को 48 प्रतिशत और हैरिस को 46 प्रतिशत के साथ ट्रंप के पक्ष में 3.1 प्रतिशत का मार्जिन ऑफ एरर दर्ज किया गया है। इसके अलावा, ट्रंप ने जब कश्मीर मुद्दे पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया था, तब भारत ने तुरंत



इसका खंडन किया था, यह स्पष्ट करते हुए कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और किसी तीसरे पक्ष के लिए इसमें कोई जगह नहीं है। अमेरिकी चुनाव में ट्रंप और हैरिस के बीच प्रतिस्पर्धा न केवल नीतियों पर आधारित है, बल्कि दोनों के व्यक्तिगत बयानों और छवि पर भी निर्भर करेगी। चुनाव के नतीजे को प्रभावित करने वाले कई कारक होंगे, और समय ही बताएगा कि कौन अगले चार वर्षों के लिए देश का नेतृत्व करेगा। इस चुनाव में ट्रंप की शैली और उनके बयानों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वह अक्सर विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं, जिनमें से कई बार उन्हें सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा है। उदाहरण के लिए, ट्रंप ने एक बार कहा था कि अमेरिका में विदेशी लोगों पर कुत्तों को मारकर खाने का आरोप लगाया, जिससे उन्हें काफी किरकिरी का सामना करना पड़ा था।हालांकि, यह भी सच है कि उनके ऐसे बयानों ने वाइट पॉपुलेशन के बीच उन्हें समर्थन भी दिलाया है। दूसरी ओर, कमला हैरिस ने इस मुद्दे का उपयोग कर प्रवासियों के प्रति सहानुभूति दिखाने का प्रयास किया है, जिससे वह इस समूह को अपने पक्ष में लाने में सफल रही हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**डीसीपी से मिला ....**

प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों में वारदातें ज़्यादा होती है।व्यापारी और कमीशन एजेंट के साथ बड़े हादसे हो जाते हैं। डीसीपी राम बदन सिंह ने सभी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि हम तत्काल प्रभाव से सभी व्यापारियों से एक कहना चाहते हैं कि कोई भी क़ीमती सामान यदि आप घर से दुकान या बाज़ार से घर लेके जा रहे हैं तो आप निसंकोच मेरा नंबर पर कॉल करें आपको पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। रात्रि गश्त बढ़ायी जाएगी। हिंदुओं के महापर्व दीपावली के पावन पर्व पर आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ डीसीपी राम बदन सिंह की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, चेयरमैन नवनीत गुप्ता, उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रदेश सचिव शिवा चौहान, प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री अंकुर बंसल, ग्रेटर नोएडा से जिला महामंत्री हर्षित गुप्ता, ग्रेटर नोएडा से अध्यक्ष रवि शर्मा, प्रवीन गर्ग, मनीष शर्मा, अमित गोयल, शक्तिसिंह व अन्य अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**संदिग्ध परिस्थितियों में....**

लेकिन कोई पता नहीं चला। स्कूल से पता चला कि वह छुट्टी होने के बाद अपने घर चला गया था। देव प्रसाद के मुताबिक उसके बेटे की 1 साल पहले मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बच्चे की तलाश की जा रही है।

**ग्राम समाज की जमीन पर ....**

चार दिवारी कर कब्जा किया जा रहा है। लेखपाल के मुताबिक आरोपी गांव में पोखर व खेड़ा के नाम से दर्ज जमीन पर भी अवैध कब्जा कर रहे हैं। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

**जमानत पर जेल से....**

हमीरपुर जेल में भाटी के साथ वक्त बिताया था। इसे लेकर यह अफवाहें फैली थीं कि विदेशी (जिगाना) पिस्टल उन्हीं के माध्यम से शूटर्स तक पहुंचाई गई थीं।

बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा के साथ क्षेत्रों में स्क्रैप और सरिया कारोबार पर कब्जे की जंग एक बार फिर भड़कने की संभावना जताई जा रही है। कभी अनिल दुजाना और सुंदर भाटी एक साथ काम करते थे, लेकिन बाद में अलग-अलग हो गए थे। हालांकि मई 2023 में मेरठ में यूपी एसटीएफ ने अनिल दुजाना को मुठभेड़ में मार गिराया था।

**100 करोड़ की लागत से ....**

डीएससी रोड को दो हिस्सों में मॉडल बनाया जाएगा। पहला बोटेनिक गार्डन से अट्टा पीर तक और दूसरा सेक्टर-16 से सेक्टर-15 तक। इसका प्रजेंटेशन हो चुका है।

एसईजेड से कुलेसरा बार्डर तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यहां भी सभी यूटीलिटीस को अंडरग्रांउड किया जाएगा।

इस रोड को मॉडल बनाने के लिए 49 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये रोड नोएडा की सबसे व्यस्त रोड में शामिल है। इसलिए इसका स्ट्रक्चर डिजाइन भी खास तैयार किया गया है। ताकि आने-जाने वाले ट्रैफिक को यहां जाम न मिले। कंपनी को 3 महीने में पूरी सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित करनी होगी। बता दे नोएडा की ये रोड सामरिक दृष्टि ये महत्वपूर्ण है। ये रोड नोएडा इंडस्ट्रियल जोन में आती है साथ ही दिल्ली के 2 बार्डर को जोड़ती है। इसमें अशोक नगर व झुंडपरा शामिल है। इस सड़क की लंबाई करीब दो किलोमीटर 500 मीटर है।

**विभिन्न सड़क हादसों में ....**

थाना सेक्टर-58 में अल्मोड़ा उत्तराखंड निवासी कैलाश चंद्र पांडे ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कैलाशचंद पांडे ने बताया कि उसका बेटा नीरज पांडे अपने दोस्त शुभम पांडे के साथ फोर्टिस नवादा गांव स्थित पीजी में जा रहा था। इस दौरान तेज गति में आ रही के चालक ने उनके बेटे व शुभम को टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर स्थिति में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उनके बेटे नीरज पांडे की मौत हो गई जबकि शुभम की हालत गंभीर बनी हुई है। कैलाश चंद्र पांडे ने कार चालक राजन सैनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**पराली जलाने पर....**

लगातार वायु प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ही हरियाणा, उत्तर प्रदेश पंजाब सरकार द्वारा पराली जलाए जाने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। इसके बावजूद भी कुछ किसान अपने खेतों में पराली को आग लग रहे हैं।

**शोरूम से कार ....**

तो उसने कहा कि वह उसकी कार को सही जगह खड़ी कर चाबी उसे दे देगा। कार बुकिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसने जब महिला कर्मचारी से अपनी कार की चाबी मांगी तो उसने बताया कि जिस व्यक्ति को उसने चाबी दी थी वह शोरूम का कर्मचारी नहीं है। इसके बाद उसने अपनी कार की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**दो शातिर चोर दबोचे...**

लैपटॉप व मोबाइल के बारे में दोनों चोरों ने बताया कि उन्होंने यह सामान सेक्टर 12 22 क्षेत्र से चोरी किया था। बरामद सोने की चीज के बारे में दोनों ने बताया कि उन्होंने यह जेवरात सेक्टर 11 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल के पास एक घर से चोरी किए थे। इसमें से कुछ सामान को उन्होंने राह चलते लोगों को बेच दिया था और उनसे मिले पैसों को खर्च कर दिया है।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर चोर है और कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

**पटाखों के साथ....**

थाना प्रभारी ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है इसके बावजूद भी आरोपी द्वारा अवैध रूप से घनी बस्ती में पटाखे बेचे जा रहे हैं जो जनमानस के लिए घातक हैं। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। मौके से बरामद पटाखों को सीज कर दिया गया है।

बता दे कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनसीआर में पटाखों के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसके बावजूद भी लोग मुनाफा कमाने के लिए अवैध रूप से पटाखे को ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं पूर्व में भी पुलिस अलग-अलग स्थान से कई लोगों को पटाखों की अवैध बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बावजूद भी चोरी छुपे पटाखे की बिक्री हो रही है।

## घर से मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)**। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सेक्टर-12 स्थित अपेक्स कोर्ट सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अपेक्स कोर्ट सोसाइटी में रहने वाले प्रज्वल नरेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 अक्टूबर की सुबह वह घर से फल खरीदने के लिए नीचे मार्केट गया था। इस दौरान वह अपने कमरे को ताला लगाना भूल गया। कुछ देर बाद जब वह फल लेकर अपने घर आया तो उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने अपने मोबाइल फोन की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

# पड़ोसी पर लगाया जेवरात चुराने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)**। थाना फेस-2 में एक महिला ने अपने पड़ोस में रहने वाले पिता पुत्र पर चोरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसके घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया है।

गेझा गांव में रहने वाली श्रीमती चंदा सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पति सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं और कई कई दिनों में घर आते हैं। 8 सितंबर को उसके घर का ताला चाबी से खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर अलमारी के अंदर बने छोटे लकार में रखे सोने के जेवरात को चोरी कर ले गए। जांच के दौरान पता चला कि उसके कमरे का पीछे वाला दरवाजा खुला हुआ था जो बालकनी में खुलता है। चंदा देवी ने बताया कि 7 सितंबर को उसके पड़ोस में रहने वाले विपिन की लड़की करीमा उसके घर से ताला मांग कर ले गई थी। शाम के समय जब उसने ताला और चाबी लौटाई तो उसमें एक चाबी कम थी।

चंदा के मुताबिक उसने जब करीमा से प्यार से पूछा तो उसने बताया कि उसने एक चाबी निकाल कर अपने स्कूल के जोमैट्रिक बॉक्स में रख ली और 8 सितंबर को उसने वह चाबी अपने पिता विपिन और छोटे भाई अभिजीत उर्फ छोटेलाल को दी। उन्होंने उसके सामने घर का ताला खोला और चोरी की घटना को अंजाम दिया।

चंदा देवी के मुताबिक करीमा अक्सर उसके घर आती जाती थी इस कारण उसे पता था कि वह अपने जेवरात कहां पर रखती है। चंदा देवी ने विपिन उसके बेटे पर चोरी का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीडि़ता का आरोप है कि उसके घर से दो सेट सोने के, कान के झुमके, कान के टॉप्स, सोने का मंगलसूत्र, दो सेट चांदी की पायल, चांदी के बिछुए, सोने का लॉकेट नाक की नोज पिन चोरी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



# सफलता के हाईवे पर क्रिएटिविटी की रफ्तार

**अगर आप इनोवेटिव और क्रिएटिव माइंडेड हैं, तो ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग का करियर अपना सकते हैं। इस फील्ड में शानदार पे-पैकेज के अलावा, जॉब की भरपूर संभावनाएं हैं। जानिए इस इनोवेटिव फील्ड में कैसे मिल सकती है आपको एंट्री.**

भारतीयों की क्रय शक्ति और गाड़ियों की सेल्स बढ़ने से ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से उभरती हुई इंडस्ट्री बन गया है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर ऑटो सेक्टर सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार देता है। कहते हैं कि किसी भी ऑटो कंपनी में एक जॉब क्रिएट होने का मतलब है, तीन से पांच इनडायरेक्ट जॉब ऑप्शंस का खुलना। जिस तरह से मार्केट में देशी-विदेशी कंपनियों की नई इनोवेटिव कारें लॉन्च हो रही हैं, उसे देखते हुए ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। अगर



आपको भी कार का पैशन है, मैकेनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैथमेटिक्स में दिलचस्पी है, तो ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के साथ करियर को रफ्तार दे सकते हैं।

### डिजाइनिंग से टेस्टिंग तक

एक ऑटोमोबाइल इंजीनियर पर कई प्रकार की जिम्मेदारियां होती हैं। उसे कम लागत में बेहतरीन ऑटोमोबाइल डिजाइन करना होता है। इसलिए इंजीनियर्स को सिस्टम और मशीनों से संबंधित रिसर्च और डिजाइनिंग में काफी समय देना पड़ता है। पहले ड्रॉइंग और ब्लूप्रिंट तैयार किया जाता है। इसके बाद इंजीनियर्स उसमें फिजिकल और मैथमेटिकल प्रिंसिपल्स अप्लाई कर उसे डेवलप करते हैं। इस तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स प्लानिंग, रिसर्च वर्क के बाद एक फाइनल प्रोडक्ट तैयार करते हैं, जिसे मैन्युफैक्चरिंग के लिए भेजा जाता है। यहां भी उन्हें पूरी निगरानी रखनी होती है। वाहन बनने के बाद उसकी टेस्टिंग करना उनकी ही जवाबदेही होती है, जिससे कि मार्केट से कोई शिकायत न आए।

### स्पेशलाइजेशन फायदेमंद

अगर कोई ऑटोमोबाइल इंजीनियर किसी खास एरिया में स्पेशलाइजेशन करता है, तो इससे उसे काफी फायदा होता है। मार्केट में उसकी एक अलग पहचान बनती है, मसलन ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स एग्जॉस्ट सिस्टम, इंजन और स्ट्रक्चरल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

ऑटोमोबाइल इंजीनियर बनने के लिए आपके पास टेक्निकल के साथ-साथ फाइनेंशियल नॉलेज होना भी जरूरी है। आपको जॉब के कानूनी पहलुओं से अपडेट रहना होगा। इसके अलावा, इनोवेटिव सोच और स्ट्रॉन्ग कम्युनिकेशन स्किल आगे बढ़ने में आपकी मदद करेंगे। इस फील्ड में काम के घंटे काफी लंबे होते हैं। इसलिए आपको प्रेशर और डेडलाइंस के तहत काम करना आना चाहिए।

एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन

केमिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स में दिलचस्पी रखने वाले युवा ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में करियर बना सकते हैं। इसके लिए 10वीं के बाद डिप्लोमा भी किया जा सकता है या फिर आप ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। हां, बीई या बीटेक करने के लिए आपका मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस जैसे सब्जेक्ट्स के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। आप ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में स्नातक के बाद ऑटोमोटिव्स या ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में एमई या एमटेक भी कर सकते हैं। अगर विशेषज्ञता हासिल करनी हो, तो पीएचडी भी की जा सकती है। बीई या बीटेक में एंट्री के लिए आईआईटी जेईई, एआईईईई, बिटसेट आदि अखिल भारतीय या राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षाएं देनी होती हैं।

### जॉब की संभावनाएं

ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में विभिन्न प्रकार की संभावनाएं मौजूद हैं। कार बनाने वाली कंपनी से लेकर सर्विस स्टेशन, इंश्योरेंस कंपनीज, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स के लिए काफी मौके हैं। इसके अलावा, जिस तरह से सड़कों पर गाड़ियों की संख्या बढ़ रही है, उनकी मेंटेनेंस और सर्विसिंग करने वाले प्रोफेशनल्स की मांग में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। आप ऑटोमोबाइल टेक्निशियन, कार या बाइक मैकेनिक, डीजल मैकेनिक के रूप में काम कर सकते हैं। आप किसी ऑटो कंपनी में सेल्स मैनेजर, ऑटोमोबाइल डिजाइनर, पेन्ट स्पेशलिस्ट आदि भी बन सकते हैं।

### सैलरी पैकेज

एक ग्रेजुएट ऑटोमोबाइल इंजीनियर ट्रेनिंग के समय से ही कमाना शुरू कर देता है। कहने का मतलब यह कि ट्रेनिंग के दौरान कंपनियां उन्हें 15 से 30 हजार रुपए तक का स्टाइपेंड आसानी से दे देती हैं। अगर नौकरी कंफर्म हो गई, तो सैलरी खुद-ब-खुद बढ़ जाती है। वैसे भारत में एक ऑटोमोबाइल इंजीनियर को सालाना 3 से 8 लाख रुपए मिल जाते हैं। सबसे ज्यादा सैलरी वाहन निर्माता देते हैं। इसके बाद प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इंजीनियरिंग फर्म्स भी उन्हें अच्छा पे-पैकेज ऑफर करती हैं। इस फील्ड में अच्छा-खासा अनुभव होने के बाद एक ऑटोमोबाइल इंजीनियर 25 से 35 लाख रुपए सालाना आसानी से कमा सकता है।





किसी भी काम को करने से पहले उसके सफल या असफल होने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। काम को जारी रखना चाहिए। आपके द्वारा काम के प्रति लगाव ही कामयाबी का मंत्र होगा।

# ये चीजें करने से बचेंगे तो ही आगे बढ़ेंगे

अपने रोजमर्रा के कामों के दौरान हम आदतन कुछ काम ऐसे करते रहते हैं, जिन्हें करते हुए हम ना केवल अपने काम को प्रभावित करते हैं, बल्कि खुद भी तनाव में रहते हैं। वहीं, यदि हम अपनी ऐसी कुछ आदतों को छोड़ दें या ऐसे काम ना करें तो इसका परिणाम स्वत: ही हमारे काम की उत्पादकता पर नजर आएगा। ऐसा करने से निश्चय ही हम पहले से ज्यादा खुश भी रह सकेंगे।

### बार-बार फोन चेक करना

किसी से बात करते समय बार-बार अपने फोन को मत देखें। साथ ही उस दौरान किसी के मैसेज का जवाब देने न लग जाएं। हालांकि ऐसा करने से सामने वाला कुछ नहीं कहेगा, लेकिन अवश्य ही उसे अच्छा नहीं लगेगा और इससे आपकी बातचीत पर भी नकरात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### गैर जरूरी लोगों के बारे में सोचना

जिन लोगों के बारे में सोचने से आपकी काम में कोई तरक्की या आपकी जिंदगी में कोई उपलब्धि नहीं होगी, उनके बारे में सोचकर समय न बर्बाद करें। आपके लिए आपके परिवारजन या दोस्त ही ऐसे लोग हैं, जिन्हें असलियत में आपके अटेंशन की जरूरत है।

### काम के बीच मेल देखना

अपने फोन या सिस्टम पर हर मेसेज, पॉप अप ट्वीट या इमेल को तुरंत देखने की भी कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए। जिस काम को कर रहें हैं उसे पूरे ध्यान से करें, इसलिए पहले जो काम कर रहे हैं उसे समाप्त कर लें फिर उन्हें चेक करें।

### पुराने विचारों में ही डूबे रहना

गलतियां बहुमूल्य होती हैं। उनसे सीख लें, लेकिन उनसे सीख लेकर उन्हें पीछे छोड़ दें। हालांकि आप कह सकते हैं कि यह कहना आसान और करना कठिन है, लेकिन यह सब भी सोच पर निर्भर करता है। जब कुछ गलत घटित होता है, उसे कुछ नया सीखने का अवसर मान आगे बढ़ जाएं। हमारा पुराना समय हमारे लिए एक अच्छे प्रशिक्षक जैसा काम करता है। इससे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

### अच्छे काम के लिए इंतजार करना

किसी काम को करने के लिए तब तक इंतजार करना, जब तक आपको यह न लगे कि आप कामयाब हो जोएंगे, यह सोच गलत है क्योंकि आप किसी भी काम को करते समय यह नहीं कह सकते कि आप उसमें कामयाब हो ही जाएंगे।

### किसी की पीठ पीछे बुराई करना

ऐसा करने से कहीं अच्छा है कि आप अपने समय को कुछ रचनात्मक या काम की बातों में लगाएं। इससे न केवल आपके काम में प्रगति होगी, बल्कि आपको दूसरों से सम्मान भी मिलेगा।

### ना की जगह हां कहना

हालांकि अपने किसी दोस्त, ग्राहक या सहकर्मी को कई बार किसी काम के लिए मना करना मुश्किल होता है, लेकिन इसमे कोई बुराई नहीं। ज्यादातर लोग इसे समझेंगे, और जो नहीं समझेंगे उनके बारे में ज्यादा सोचने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि आप ना कहेंगे तो आपको थोड़ी देर के लिए बुरा लगेगा, लेकिन यदि आप हां कहेंगे तो आपको ज्यादा समय के लिए बुरा लग सकता है।



# कैसा है ऑफिस में आपका एटीट्यूड?

**ऑफिस में काम से संबंधित आपका ज्ञान ही आपको सफलता नहीं दिलाता, बल्कि आपका व्यवहार भी मायने रखता है। अच्छा व्यवहार जहां आपकी काबिलियत में चार चांद लगाता है, वहीं बुरा व्यवहार आपके टैलेंट पर ग्रहण लगा देता है।**

मितेश को एक बड़ी कंपनी में अच्छे पैकेज पर सीनियर पोस्ट मिली थी। उससे उम्मीद की जा रही थी कि वह अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों के आधार पर अपनी टीम को नई दिशा देगा और विभाग की अलग पहचान बनाने में मददगार साबित होगा। एक-दो महीने तक जब उसकी ओर से कोई पहल नहीं हुई, तो उसे ऊपर से असाइनमेंट दिए जाने लगे। मगर यहां भी पाया गया कि वह इन असाइनमेंट्स को रस्मी तौर पर निपटा रहा है।

जल्द ही मैनेजमेंट ने महसूस किया कि मितेश का अपने काम में मन ही नहीं लग रहा है। उल्टे, जाने-अनजाने वह दूसरों के काम में मीन-मेख निकालकर या इधर-उधर की बातों से सहयोगियों का ध्यान भटकाने में लगा रहता था। जब कई समझाइशों और चेतावनियों के बावजूद उसके व्यवहार में परिवर्तन नहीं आया, तो अंतत: मैनेजमेंट ने उससे मुक्ति पाने का निर्णय कर लिया।

### ईगो नहीं, परिपक्वता

यह तो बहुत पुरानी सीख है कि वृक्ष जितना बड़ा और फलदार होता जाता है, वह उतना ही झुकता चला जाता है। अगर आप कामयाबी की सीढ़ी पर आगे बढ़ते जाते हैं, तो आपको और ज्यादा विनम्र होना चाहिए। कई बार देखा जाता है कि लोग मिल-जुलकर काम करने के बजाए छोटी-छोटी बातों पर एक-दूसरे से उलझ जाते हैं। उनकी आवाज तो ऊंची हो ही जाती है, कभी-कभी हाथापाई की नौबत भी आ जाती है। इस तरह का सीन वही लोग क्रिएट करते हैं, जिनमें परिपक्वता का अभाव होता है। यह भी हो सकता है कि अपने ज्ञान और क्षमता को लेकर उनमें असुरक्षा का भाव हो। यही कारण है कि कहीं-न-कहीं अपनी कमजोरी को ढंकने के लिए वे बदमिजाजी पर उतर आते हैं। हो सकता है कि अपनी विशेषज्ञता के कारण करियर की राह पर आगे बढ़ने में उन्हें कुछ मदद मिल जाए, लेकिन अपने एटीट्यूड को सुधारे बिना ऐसे लोग ज्यादा आगे बढ़ने में सफल नहीं हो पाते।

### नीचा न दिखाएं

कुछ लोग यह समझने की भूल कर बैठते हैं कि वे दूसरों की तुलना में अपने काम में अधिक माहिर हैं। ऐसे में ओवर-कॉन्फिडेंस का शिकार होकर वे दूसरों के साथ अपने अनुचित व्यवहार पर भी ध्यान नहीं देते। सहयोगियों को कमतर करके आंकने के साथ-साथ वे अक्सर उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास करते रहते हैं। ऐसे में एक समय आता है, जब इस तरह के एटीट्यूड वाले लोगों से टीम के सदस्य दूर होने लगते हैं।

अगर ऐसे व्यक्ति लीडिंग पोजीशन में हैं, तो जॉब की मजबूरी में बाकी स्टाफ उनकी बात सुन तो लेता है पर मन से उस पर अमल नहीं कर पाता। वहीं, जो लीडर अपनी फील्ड में एक्सपर्ट होने के साथ-साथ अपनी टीम में अपनत्व का भाव पैदा करने में समर्थ होता है, वह बड़े-से-बड़ा टास्क सामने आने पर भी अपनी मजबूत टीम के बल पर उसे कामयाबी से पूरा कर लेता है।

### खुशनुमा हो माहौल

घर हो या वर्क-प्लेस, हर जगह सौहाद्रपूर्ण माहौल जरूरी होता है। जिस तरह घर के सभी सदस्यों के बीच सद्भावपूर्ण संबंध होने की वजह से मुश्किल-से-मुश्किल काम भी वे एक-दूसरे की मदद से आसानी से और खुशी-खुशी कर लेते हैं, उसी तरह ऑफिस में माहौल खुशनुमा होने पर कठिन-से-कठिन टास्क सामने आने पर भी टीम मेंबर्स को कोई परेशानी नहीं होती। आत्मीय संबंध होने के कारण जरूरत पड़ने पर सभी एक-दूसरे का सहयोग करने से पीछे नहीं हटते।

बेहतर यही है कि घर से लेकर बाहर तक अपने स्वभाव को हर जगह अच्छा रखने की कोशिश करें। यह कोई ऐसा मुश्किल काम नहीं है, जिसके लिए खास मशक्कत करनी पड़े। जरा सोचें, जब कोई दूसरा आपसे बदतमीजी से बोलता है या आपके प्रति ठीक व्यवहार नहीं करता, तो आपको कैसा लगता है? बहुत बुरा न? जब आप अपने लिए अच्छे व्यवहार की उम्मीद करते हैं, तो खुद दूसरों से ऐसा ही क्यों नहीं करते? आप जो फसल बोएंगे, वैसी ही काटने के लिए भी तो तैयार रहना होगा!





# 22 नवंबर को रिलीज होगी अभिषेक बच्चन की नई फिल्म आई वांट टू टॉक

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 2023 में रिलीज हुई फिल्म घूमर में अभिषेक आखिरी बार नजर आए थे। अभिषेक की आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक है। फिल्म का रोमांचक और अद्भुत टीजर कुछ ही देर पहले यूट्यूब पर जारी किया गया। फिल्म के टीजर में अभिषेक नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कार के डेक पर एक स्टैच्यू रखा है, जिसका सर लगातार हिलता दिखाई दे रहा है। इसके पीछे से अभिषेक का वॉइस ओवर सुनाई दे रहे है। अभिषेक ने टीजर में वॉयसओवर के लिए अपनी आवाज भी दी है। वॉयसओवर में, वह कहते हैं, मुझे सिर्फ बात करना पसंद नहीं है। मैं बात करने के लिए जीता हूं। जिंदा होने में और मरने में बस यही एक बात का अंतर दिखाई देता है। जिंदा लोग बोल पाते हैं और मरे हुए लोग बोल नहीं पाते। टीजर का आखिर में फिल्म का शीर्षक सामने आता है। यूट्यूब के अलावा अभिषेक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी फिल्म का टीजर साझा किया है।

यूट्यूब पर फिल्म का टीजर जारी किया गया। टीजर के आखिर में फिल्म के कलाकारों का भी पता चला। अभिषेक मुख्य भूमिका में हैं, फिल्म में अहिल्या बामरू, जॉनी लीवर, जयंत कृपलानी, पियरले डे और क्रिस्टिन गोडार्ड नजर आएंगे। आई वांट टू टॉक के अद्भुत टीजर को अभिषेक के प्रशंसकों की लगातार प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं विक्की कौशल ने भी फिल्म के टीजर की बड़ी सराहना की है। विक्की ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टीजर साझा किया और लिखा, शूजित दा का जादू! टीजर पसंद आया। शीर्षक पसंद आया और... एबी का इंतजार नहीं कर सकता! बता दें अभिषेक और विक्की ने मनमर्जियां में साथ काम किया था। आई वांट टू टॉक अभिषेक और शूजित की पहली साथ में फिल्म है। हालांकि, शूजित ने अभिषेक के पिता, अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ पीकू (जिसमें शूजित सरकार सह-लेखक थे) और गुलाबो सिताबो में काम किया है। आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मैं फिल्म में क्रिएटिवली ज्यादा शामिल होना चाहती थी इसीलिए प्रड्यूसर बनने का मन बनाया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन जल्द ही फिल्म दो पत्ती में नजर आएंगी। इस फिल्म में उन्होंने डबल रोल निभाया है। उन्होंने हमारे साथ बातचीत में बताया कि लॉकडाउन के दौरान ही उन्हें बिजनेस करने का ख्याल आया था। इसीलिए अब वो प्रोडक्शन की दुनिया में भी हाथ आजमा रही हैं।

**ऐक्टिंग में इस साल एक दशक पूरे करने साथ ही अब आप बिजनेस और फिल्म प्रॉडक्शन में भी उतर चुकी हैं। इन अलग-अलग क्षेत्रों में हाथ आजमाने का ख्याल कैसे आया?**

ऐसा नहीं है कि मेरे दिमाग में आया कि अभी ऐक्टिंग में इतने साल हो गए तो मुझे कुछ और करना चाहिए। हमें कभी किसी चीज की ओर अचानक से जुड़ाव महसूस होता है। जैसे बिजनेस का ख्याल मेरे दिमाग में लॉकडाउन में आया। मैं सोचती हूं कि बचपन में जब कोई पूछता था कि बड़े होकर क्या बनना है तो जवाब एक ही क्यों होता था! हम बहुत कुछ कर सकते हैं ना, बहुत कुछ बन सकते हैं।

**फिल्म दो पत्ती में डबल रोल के अलावा को-प्रड्यूसर की भूमिका निभाने के पीछे भी क्या यही सोच रही?**

मैं असल में ऐसे दौर में थीं जहां मैं फिल्म में सिर्फ ऐक्टर के बजाय क्रिएटिवली और ज्यादा शामिल होना चाहती थी। जब मैं मिमी कर रही थी, तब मुझे यह अहसास हुआ। उस फिल्म से मैं इमोशनली और कई तरीके से इतना जुड़ गई थी कि उसके हर पहलू का हिस्सा बनना चाहती थी। तब मैंने प्रड्यूसर बनने का मन बनाया। दूसरे, बहुत मुश्किल से आपके पास ऐसी स्क्रिप्ट आती है जिसमें आपको इतने गहरे और इंटेंस लेवल पर परफॉर्म करने को मिले तो मैं ऐसा कोई रोल तलाश भी रही थी जो मुझे मिल नहीं रहा था।

**कनिका के मुताबिक, औरतें जब साथ आती हैं तो कमाल करती हैं। आपकी इस पर क्या राय है? आपके हिसाब से औरतें साथ में कैसे एक-दूसरे को सशक्त बनाती हैं?**

मैं कनिका से बिल्कुल सहमत हूं। मेरा मानना है कि जो आप अपने घर में देखते हैं, अपनी मां को करते हुए देखते हैं, वह आपकी पर्सनैलिटी को बनाता है। मैंने हमेशा यही देखा कि मेरी मॉम और डैड दोनों काम करते हैं। दोनों साथ मिलकर फैसले लेते हैं। ऐसा नहीं था कि मेरी मां घर में मेरे डैड से किसी मायने में कम थीं।

**फिल्म में आप पहली बार डबल रोल कर रही हैं और ये दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे से और चुनौतीपूर्ण हैं। एक ही समय में इन दोनों पर्सनैलिटीज में खुद को ढालने के लिए क्या तरकीब अपनाई?**

मेरे लिए सबसे जरूरी इन दोनों पर्सनैलिटीज को समझना था कि मैं उनको एक-दूसरे से अलग कैसे कर सकती हूं क्योंकि ये बहनें हैं। ऐसा नहीं है कि वे बचपन में बिछड़ गई हैं और बाद में मिली। वे एक ही घर में, एक ही परिवार के साथ रही हैं, उनकी परवरिश एक है, फिर भी उनके बीच अंतर क्या है? मुझे वह खोजना था और अंतर होता है। जैसे, मैं और मेरी बहन भी अलग है, एक ही सिचुएशन में हम दोनों का रिएक्शन बहुत अलग होता है। उसे गुस्सा बहुत आता है, मुझे नहीं आता है तो इन चीजों को पकड़ा। उसके हिसाब से उनकी चाल-ढाल, एक्सप्रेशन में बदलाव लाया। इन बहनों के बीच दुश्मनी भी है, वह क्यों है? यह साइकॉलजी समझना मुश्किल था, पर इसी का मजा था।



# टल गई यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज डेट

अभिनेता यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और इससे जुड़ी हर खबर पर उनकी नजर रहती है। बीते दिनों इस फिल्म को लेकर खबर आई थी कि इसकी रिलीज डेट स्थगित कर दी गई है। अब खुद रॉकी भाई ने इस खबर की पुष्टि कर दी है। टॉकिस्क पहले अप्रैल 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## अप्रैल में रिलीज नहीं होगी फिल्म

कन्नड़ सुपरस्टार यश ने हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इस बात को आधिकारिक रूप से कंफर्म किया है कि टॉक्सिक अप्रैल में रिलीज नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि शूटिंग शुरू होने से पहले फिल्म की रिलीज डेट का एलान जल्दबाजी में कर दिया गया था। इसे लेकर अभिनेताओं के शेड्यूल पर विचार नहीं हो पाया। फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होनी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## ये सितारे भी आएंगे नजर

फिल्म टॉक्सिक का एलान बीते वर्ष रिलीज डेट के साथ ही किया गया था। इस फिल्म में यश के अलावा नयनतारा, कियारा आडवाणी और हुमा कुरैशी जैसे चर्चित सितारे भी नजर आएंगे। यह मेगा बजट फिल्म है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## यह ऑस्कर विजेता कंपनी करेगी वीएफएक्स का काम

नई रिलीज डेट को लेकर जब यश से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे फिलहाल इसका एलान नहीं करना चाहते। कुछ वक्त में वे आधिकारिक रूप से चीजों को सामने पेश करेंगे। यश ने यह भी कहा कि टॉक्सिक का वीएफएक्स का काम ऑस्कर और नेशनल अवॉर्ड विजेता कंपनी छ्हश्चत्र करने जा रही है।



# रोलेक्स किरदार की लोकप्रियता को सूर्या ने बताया अप्रत्याशित

सूर्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कंगुवा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उनकी और बॉबी देओल के अभिनय वाली ये फिल्म इस साल की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा फैंस उन्हें रोलेक्स के किरदार में भी देखने को लेकर काफी उत्सुक हैं। सूर्या साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म विक्रम में रोलेक्स के किरदार में कैमियो करते नजर आए थे। हाल में ही अभिनेता ने अपने इस कैमियो को लेकर बात की है। सूर्या ने साल 2022 में दिग्गज अभिनेता कमल हासन की फिल्म विक्रम में रोलेक्स के किरदार में नजर आए थे। साउथ के मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके कैमियो किरदार की काफी चर्चा हुई थी। अभिनेता इस किरदार में काफी खूंखार और क्रूर नजर आए थे। इस पर बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके इस कैमियो को इतने व्यापक तरीके से पसंद किया जाएगा। अभिनेता ने इसमें जोड़ते हुए बताया कि उन्होंने इसके लिए पूरे एक दिन की भी शूटिंग नहीं की थी।



# आलिया भट्ट की ब्रांड वैल्यू को करारा झटका

## 'जिगरा' के फ्लॉप होने के दिखने लगे साइड इफेक्ट्स

फिल्म 'कलंक' के बाद से एक ब्लॉकबस्टर सुपरहिट फिल्म का इंतजार कर रही आलिया भट्ट के लिए उनकी ताजातरीन फिल्म 'जिगरा' करारा झटका साबित हुई है। ब्रांड बाजार में अपनी स्थिति सुधारने के लिए अब उनके पास लंबे समय तक कोई दूसरी फिल्म भी नहीं है। इन दिनों उनकी सिर्फ एक फिल्म 'अल्फा' ही निर्माणाधीन है और इसकी रिलीज अगले साल के आखिर में होने वाली है। उनकी तीन-चार फिल्में लंबे समय से चर्चा में हैं, लेकिन इनमें से किसी की भी शूटिंग हाल फिलहाल शुरू होती नहीं दिख रही है।

साल 2019 तक आलिया भट्ट का करियर शानदार रफ्तार में चला। 'उड़ता पंजाब', 'डियर जिंदगी', 'बदरीनाथ की दुल्हनिया', 'राजी' और 'गली बॉय' जैसी पांच बैक टू बैक हिट फिल्में देकर आलिया ने अपनी पोजीशन हिंदी सिनेमा की नंबर वन हीरोइन की कुर्सी पर पक्की की ही थी कि धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'कलंक' ने उनकी इस रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। उसके बाद से लगातार आलिया संघर्ष कर रही हैं। 'कलंक' के बाद इस बीच आलिया ने 'ब्रह्मास्त्र' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी धर्मा प्रोडक्शंस की दो और फिल्मों में काम किया और इन फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर फिल्म 'जिगरा' की तरह ही खूब चर्चाएं होती रहीं।

इस बीच उनकी फिल्म 'सड़क 2' सुपरफ्लॉप रही। 'गंगूबाई काठियावाड़ी' किसी तरह निर्माता जयंती लाल गडा के आर्थिक सहयोग से सिनेमाघरों तक पहुंची और टिकट खिड़की पर औसत कारोबार ही कर सकी। उनकी दो फिल्में सीधे ओटीटी पर प्रसारित हुई, जिसमें फिल्म 'डार्लिंग्स' को मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। लोगों को इसमें आलिया भट्ट और शेफाली शाह का काम तो खूब पसंद आया लेकिन विजय वर्मा की मौजूदगी ने और उनके एकरस अभिनय ने फिल्म को नुकसान भी पहुंचाया। 'हार्ट ऑफ स्टोन' कब आई और कब चली गई, लोगों को अब याद भी नहीं है।

एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के जरिये आलिय भट्ट ने साउथ सिनेमा में प्रवेश करने की कोशिश की है। इस फिल्म के सेट पर उनकी जूनियर एनटीआर से बनी दोस्ती ने फिल्म 'वॉर 2' का रास्ता खोला। आलिया और उनके करीबी निर्देशक अयान मुखर्जी के बीच जूनियर एनटीआर को लेकर जो खिचड़ी पकी, उसी से 'अल्फा' का भी जन्म हुआ। लेकिन, अब 'जिगरा' के फ्लॉप हो जाने के बाद आलिया का एक्शन अवतार 'अल्फा' में दर्शकों को पसंद आएगा भी या नहीं, इसे लेकर यशराज फिल्म्स में अभी से बहसें होने लगी हैं।

आलिया भट्ट ने 'जिगरा' से जो उम्मीदें लगा रखी थीं, वे इसी कहानी पर बनी फिल्म 'सावि' से निराश हुए दर्शकों के चलते पूरी नहीं हुई। उनकी पीआर टीम ने 'जिगरा' को एक बढ़िया फिल्म बताने की कोशिश पूरी की लेकिन अब फिल्म के निर्देशक वासन बाला ने फिल्म के न चलने की जिम्मेदारी खुद ले ली है। उनका कहना है कि किसी फिल्म को वांछित बॉक्स ऑफिस आंकड़ों तक लाना निर्देशक की जिम्मेदार है। वासन ने अपना एक्स अकाउंट भी इसके बाद से बंद कर लिया है। आलिया की घोषित फिल्मों में 'लव एंड वॉर' की शूटिंग अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गई है। 'इंशाअल्लाह' को लेकर संजय लीला भंसाली के दफ्तर में चूं तक नहीं हो रही और 'ब्रह्मास्त्र 2' पर काम जियो स्टूडियोज और फॉक्स स्टार स्टूडियो के बीच हुई डील पूरी होने तक रुका रहेगा।



# प्रभास को जोकर कहने की ट्रोलिंग से अरशद ने लिया सबक

**बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी को तब से कड़ी आलोचना और नफरत का सामना करना पड़ रहा था, जब से उन्होंने कल्कि 2898 एडी में प्रभास की भूमिका के लिए उन्हें जोकर कहा था। अब अभिनेता ने कहा कि वह फिर कभी किसी फिल्म या अभिनेता की आलोचना नहीं करेंगे। इसके अलावा अरशद ने सोशल मीडिया के बुरे प्रभाव के बारे में भी खुलकर बात की है।**

अरशद ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपनी बेपरवाही जताई और बताया कि सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग से वह परेशान नहीं होते हैं क्योंकि वह एक पॉजिटिव व्यक्ति हैं। अभिनेता ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह ठीक है। हर किसी का अपना नजरिया होता है। साथ ही, यह एक लोकतांत्रिक देश है, और इसमें सभी को बोलने की अनुमति है।

अभिनेता ने आगे कहा, आप एक सकारात्मक व्यक्ति हैं, तो कोई भी नेगेटिव बात आपको परेशान करती है। हालांकि, हम ऐसी जगह रहे हैं, जहां पत्थर फेंके जाते हैं, इसलिए यह अब मुझे परेशान नहीं करता है। सोशल मीडिया पर आलोचनाओं के बाद अरशद ने अपने कुछ इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि ऐसा कैसे करना है, लेकिन उन्होंने कहा कि भविष्य में वे अपनी राय सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने हंसते हुए कहा, मैंने तय कर लिया है कि मैं जो भी फिल्म देखूंगा, उसे पसंद करूंगा। मैं अपनी बाकी की जिंदगी में हर एक्टर को पसंद करूंगा। बता दें कि अरशद ने यूट्यूबर समदीश भाटिया से बात करते हुए कहा था कि कल्कि में तेलुगु सुपरस्टार प्रभास का किरदार एक कैरिकेचर था और इस बात ने लोगों को नाराज कर दिया था। उन्होंने कहा था, प्रभास, मैं वाकई बहुत दुखी हूं। उन्हें जोकर की तरह क्यों दिखाया गया? क्यों? मैं मैड मैक्स देखना चाहता हूं। मैं मेल गिब्सन देखना चाहता हूं। आपने इसे क्या बना दिया है? वे ऐसी चीजें क्यों करते हैं? मैं कभी नहीं समझ पाऊंगा। हालांकि, अरशद ने उसी फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय की प्रशंसा की थी।

# लॉरेंस की धमकी के बावजूद सलमान कमिटमेंट करेंगे पूरी, 'सिंघम अगेन' में आएंगे नजर



लॉरेंस बिश्नोई की गैंग के द्वारा जान से मारने की धमकी के बाद सलमान खान की चिंता बढ़ गई है। हाल ही में उनके करीबी एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद अभिनेता की सुरक्षा को और भी बढ़ा दिया गया। इन सब के बावजूद सलमान अपने काम को प्रभावित नहीं होने देना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अपने कमिटमेंट के मुताबिक अजय देवगन और रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग पूरी करेंगे। सलमान फिल्म में 'चुलबुल पांडे' का कैमियो करते नजर आएंगे। अभिनेता के इस कदम से उनका संवाद याद आता है, 'एक बार जो मैंने कमिटमेंट कर दी तो फिर मैं अपने आप की भी नहीं सुनता'।

# प्रदूषण पर सख्ती से निबटे सरकारी महकमे

## वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश डा. अरूण कुमार की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सभागार में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलन्दशहर के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।



राज्य मंत्री ने ग्रैप स्टेज-2 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि सम्बन्धित जिले औद्योगिक क्षेत्र होने तथा अधिक यातायात होने की दृष्टि से पर्यावरण को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। डस्ट पॉल्यूशन की रोकथाम के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा अभियान संचालित किया जाए ताकि डस्ट उत्सर्जन पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कंस्ट्रक्शन एवं खनन साइट का नियमित निरीक्षण किया जाए। प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कारगर उपाय किए जाएं व जनपद में अभियान चलाकर एनजीटी एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। जहां पर भी एनजीटी के नियमों का उल्लंघन होता पाया जाए वहां पर जुर्माना लगाते हुए दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने अपने जनपद में पॉल्यूशन पर अंकुश लगाने से संबंधित जागरूकता अभियान संचालित करते हुये व्यापक स्तर पर प्रचार प्रचार सुनिश्चित कराया जाये।

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सामान हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन अनकवर्ड न हो। कृषि विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाये ताकि किसान खेतों में पराली न जलाये। उन्होंने किसानों द्वारा खेतों में जलायी जाने वाली पराली से उत्पन्न होने वाले बीमारियों के बारे में भी प्रकाश डाला।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उ0प्र0 शासन द्वारा समस्त जिलों के संबंधित अधिकारियों से ग्रैप लागू होने के पश्चात उनके विभाग द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर सांसद डा. महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी बुलन्दशहर एवं प्राधिकरण एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अभिशाप साबित हो रहा बिसाहड़ा का शिवम ड्राइविंग एवं टेस्टिंग सेंटर!

## कमाई के लिए ड्राइविंग टेस्ट में फेल कर दिये जाते हैं डीएल के आवेदक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संभागीय परिवहन विभाग की ओर से दादरी के करीब बिसाहड़ा में खोला गया शिवम ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग सेंटर वरदान बनने की बजाय लोगों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है।




दरअसल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले को ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए नोएडा से करीब 40 किलोमीटर दूर बिसाहड़ा इस सेंटर में आना पड़ता है। लेकिन अक्सर सेंटर के संचालक ड्राइविंग डीएल के आवेदकों को ड्राइविंग टेस्ट में फेल कर देते हैं। इसके बाद वे 38 घंटे की ट्रेनिंग देते हैं तथा इसके एवज में 6 हजार रूपये वसूलते हैं। इसके बाद उनको ड्राइविंग टेस्ट में पास कर दिया जाता है। यह खेल कमाई के लिए खेला जा रहा है।

इसके अलावा इस केन्द्र में दादरी रोड से अंदर नहर की पटरी होते हुए लोगों को 4-5 किमी सफर तय करके बिसाहड़ा जाना पड़ता है। यह इलाका सुनसान है। महिलाओं को वहां जाने में काफी असुरक्षा महसूस होती है। इसके बाद भी लोगों की तकलीफ को दरकिनार कर बिसाहड़ा में यह केन्द्र खोला गया है।

बताया जाता है कि प्रदेश के एक मंत्री के करीबी का शिवम ड्राइविंग एवं टेस्टिंग सेंटर है। मंत्री ने अपने प्रभाव से टेस्ट की सुविधा इसी केन्द्र को दिलवाई है। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त के आदेश पर 24 जुलाई 2024 से गौतमबुद्ध नगर में किये जाने वाले एलएमवी, एचएमवी व टू व्हीलर के ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने के लिए ड्राईविंग टैस्टिंग सेक्टर-33 स्थित एआरटीओ कार्यालय के स्थान पर 40 किलोमीटर दूर बिसाहड़ा में शिवम एम ड्राईविंग ट्रेनिंग सेन्टर पर सुनिश्चित किया गया है। 4 अक्तूबर को पोर्टल पर की अविनाश नामक शख्स ने एक शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट बिसाहड़ा है। यह केंद्र उसके घर से 25 किलोमीटर दूर है। अविनाश ने बताया कि वहां पर महिला के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। वह एक वीरान जगह पर है। कोई भी घटना घट सकती है। वहीं, उनका आरोप है कि 5000 से लेकर 7000 हजार रुपए लेकर ट्रेनिंग में आवेदकों कसे पास कराने का खेल किया जाता है। पीड़िता का आरोप है कि ट्रेनिंग सेंटर का मालिक सत्ताधारी मंत्री का करीबी है। इसी के चलते कई शर्तों का उल्लंघन भी किया गया है।

एसओपी बनाने एवं उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति के उपरांत ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग को मान्यता प्रदान की जानी थी परंतु शासन से स्वीकृति लिए बिना ही परिवहन विभाग मोटर ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर को स्वीकृत किया गया। किसी भी संस्थान को ड्राइविंग लाइसेंस ट्रेनिंग सेंटर के लिए मान्यता दी जाती है तो आवेदक से लिए जाने वाली टेस्ट की फीस में उसे संस्थान का भी शेयर होता है। लेकिन मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग शिवम में इसका भी उल्लघंन किया जा रहा है।

# स्कूल संचालकों के लिए नोएडा पुलिस ने जारी किया फरमान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मिशन शक्ति फेस-05 के अभियान के दृष्टिगत विगत दिनों शिक्षण संस्थानों में बालक बालिकाओं के साथ घटित हुयी घटनाओं के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा पुलिस उपायुक्त नोएडा रामबदन सिंह व पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा के साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबन्धक प्रधानाचार्यों के साथ सेक्टर 108 पुलिस आयुक्त कार्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## सीपी ने प्रधानाचार्यों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

पुलिस कमिश्नर द्वारा नवनिर्मित भारतीय न्याय संहिता में अंकित कानून की जानकारी देते हुये कार्यस्थालों पर किसी बालिका महिला के साथ घटना होने पर की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रबन्धक प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि सुरक्षा के मानकों के अनुरूप कमेटी बनाकर चेक किया जाऐं, संस्थानों के परिसर का सम्पूर्ण एरिया को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाये एवं सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी की जाये। कभी-कभी स्वयं प्रबन्धक प्रधानाचार्यों द्वारा भी सीसीटीवी कैमरों को सुरक्षा टीम बनाकर चैक करने के लिये निर्देशित किया गया। संस्थानों में नॉन टीचिंग स्टाफ के सम्पर्क में सम्पर्क में बच्चों को न आने दिया जाये। संस्थानों में होने वाले फंक्शनों में लेवर प्रोवाइड करानें वाली संस्था या एजेन्सी का प्रॉपर पुलिस वेरिफिकेशन कराते हुये तथा एंजेन्सी की सही तरीके से जॉच पडताल के पश्चात् ही संस्था एजेन्सी को नियुक्त किया जाये। समय समय पर बच्चों की कांउसलिंग करके उनको गुड टच बैड टच के बारे में अवगत करायें तथा समझायें की यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की घटना कारित करता है तो तत्काल अपने शिक्षक मैनेजमेंट को अवगत करायें। स्कूली बसों में भी लगवानी पड़ेंगे डैश कैमरे बच्चों को लाने ले जाने वाली बसों वैन आदि में भी डैश कैमरे लगवायें जायें।





स्कूल प्रबन्धक व मैनेजमेन्ट समय-समय पर परिजनों के साथ सुरक्षा मीटिंग लेते रहें। यदि बच्चों के व्यवहार में शिक्षक द्वारा कोई परिवर्तन देखा जाता है तो सम्बन्धित परिजन को अवगत कराते हुये तथ्यों की जानकारी लेकर जानकारी करायें। बालक बालिकाओं के साथ यदि किसी प्रकार से कोई घटना घटित होती है तो उसमें तत्काल प्रधानाचार्य द्वारा परिजनों से वार्ता कर पुलिस स्कूल प्रशासन से मिलकर समस्या का निदान करें। इस प्रकार कार्यशाला के दौरान उपस्थित प्रबन्धक प्रधानाचार्यों शिक्षकों को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, पुलिस उपायुक्त नोएडा रामबदन सिंह व पुलिस उपायुक्त सुनिति द्वारा उचित दिशा निर्देश देते हुये कार्यशाला का समापन किया गया।

इस मौके पर राजेंद्र चौहान सर्वोदय विद्या मंदिर, राकेश चौहान न्यु बाल भारती स्कूल, जितेंद्र चौहान सन ब्रिज स्कूल, रेखा चौहान आदर्श ज्ञान वाटिका स्कूल, साधना चौहान महाराणा प्रताप एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, सर्वेश राय नवरंग पब्लिक स्कूल, प्रदीप भाटी एसआरबी स्कूल, अजीत सेंगर सनराइज सिटी स्कूल, इंदिरा शर्मा चेतराम सदरपुर के अलावा सैकड़ो स्कूल के प्रबंधक प्रधानाचार्य शामिल हुए।






### अपना घर आश्रम नोएडा

# स्वस्थ होने पर पांच महिलाओं की घर वापसी, अब तक 156 लौटीं अपने घर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 35 स्थित अपना घर आश्रम से आज पांच युवती/महिलाओं को पूरी तरह स्वस्थ होने पर उनके परिजनों के साथ पुनर्वासित किया गया। इनमें से दो युवतियां अपने प्रेमियों के धोखे में आकर अपने घर से लाखों रुपए लेकर भागी थीं और फिर एक दिन अपना घर आश्रम के संचालकों को सड़क किनारे विक्षिप्त अवस्था में मिली थीं।




1 मई 2022 से संचालित अपना घर आश्रम की नोएडा शाखा आज पांच और ऐसी युवती/महिलाओं को पुनर्वासित करने में सफल रही जो अलग-अलग कारणों से अपने परिजनों से न केवल दूर चली आईं थीं बल्कि उनके पास अपने परिजनों की जानकारी भी नहीं थी। इनमें से आलिमा(अनीता)(25) व सविता (फूलवती)(23) भी शामिल हैं जो किन्हीं धोखेबाजों के प्यार में पड़कर अपने अपने घरों से लाखों रुपए लेकर भाग आई थीं। बाद में बहुत खराब स्थिति में अपना घर आश्रम संचालकों को जब मिलीं तो उन्हें अपने घरों और परिजनों का भी अता-पता याद नहीं था।

समाजसेवी बलराज गोयल ने बताया कि अपना घर आश्रम में लाकर दोनों युवतियों का न केवल इलाज किया गया बल्कि उनकी पूरी देखभाल की गई। इनमें से अनीमा रांची झारखंड और सविता मंडोली दिल्ली की रहने वाली थीं। याददाश्त वापस आने पर उनके परिजनों के साथ आज उन्हें उनके घर भेज दिया गया।आज ही मालती गौतम ((ज्योति)(29),जानकी देवी (35) तथा बबली (28) को भी स्वस्थ होने पर उनके परिजनों को सौंप दिया गया। लगभग ढाई वर्ष में इस अपना घर आश्रम से 156 महिलाओं को स्वस्थ होने के बाद पुनर्वासित किया गया है। फिलहाल यहां लगभग तीन सौ ऐसी महिलाओं की देखभाल की जा रही है जो अपने परिजनों से बिछुड़कर खराब मानसिक और शारीरिक हालत में यहां पहुंची हैं।

# प्राधिकरण ने निरस्त किया फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का अनुबंध

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में क्रिकेट स्टेडियम और शूटिंग रेंज के संचालन के लिए नियुक्त दो संस्थाओं के अनुबंध को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई खेल सुविधाओं के अनुचित प्रबंधन और संचालन को लेकर की गई है।

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट स्टेडियम के संचालन का जिम्मा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को और शूटिंग रेंज का संचालन मानव रचना विद्यानाथरिक्षा प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया था। दोनों संस्थाओं ने न तो खेल सुविधाओं का उचित संचालन किया और न ही कोई विशेष खेल आयोजन कराए, जिससे नोएडा के खिलाड़ियों और आम जनता को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

अधिकारी ने बताया कि इस लापरवाही से न केवल खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि प्राधिकरण की छवि भी धूमिल हो रही थी। सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद दोनों संस्थाओं के साथ किए गए अनुबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

नई संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी, ताकि खिलाड़ियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान प्राधिकरण खुद इन सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेगा।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308



